राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 105
लखनऊ, सोमवार 15 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





समरसता व नवनिर्माण का केंद्र बनेगा धर्मशाला : एके शर्मा 03

जन आरोग्य मेले में 218 ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ 10


### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,34,070/ |
| 22 कैरेट | = | 1,22,900/ |
| 18 कैरेट | = | 1,00,580/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,98,000/ |

## संक्षिप्त समाचार

**भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन नबीन**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि 45 वर्षीय नितिन नबीन सिन्हा, मौजूदा बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री हैं। कायस्थ समुदाय से आने वाले नितिन नबीन भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र हैं। नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा सीट से चार बार से विधायक हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर नितिन नबीन को बधाई देते हुए लिखा, फ़बिहार की धरती से आने वाले युवा और ऊर्जावान नेता नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई। वे एक कर्मठ कार्यकर्ता और कल्पना क्षमता के धनी व्यक्ति हैं।

**दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति, एक्यूआई पहुंचा 450 पार**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी वायु प्रदूषण की रोकथाम को सख्त पाबंदियां लागू होने के बावजूद रविवार सुबह आठ बजे यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 460 दर्ज किया गया। यह वायु प्रदूषण की बेहद खतरनाक स्थिति का संकेत देता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम ) ने शनिवार को हवा को और प्रदूषित होने से रोकने के लिए ग्रैप (श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना)-4 लागू कर दी थी। गौरतलब है कि आयोग ने शनिवार को पहले ग्रैप-3 लागू किया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर दिल्ली शहर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लगा दिया। वाहनों और धूल प्रदूषण (जिसका ज्यादातर हिस्सा निर्माण कार्य के कारण होता है) को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति के लिए मुख्य कारण माना जा रहा है।

**पतंजलि विश्वविद्यालय को मिली क्लस्टर सेंटर की मान्यता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार में रविवार को ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को क्लस्टर सेंटर के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ. आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक तथा श्री विश्वरंजन मालिक (कॉर्डिनेटर, डिजिटाइजेशन, एनएमएम) की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत सहित ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम का धन्यवाद दिया।

# चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी के निर्वाचित होने की घोषणा की

**▸ पार्टी के केंद्रीय चुनाव अधिकारी ने की निर्वाचित होने की घोषणा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नए अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी की ताजपोशी हो गई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को लखनऊ में आयोजित एक समारोह में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी के निर्वाचित होने की घोषणा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के चुनाव में एकमात्र नामांकन होने के बाद आज प्रदेश चुनाव अधिकारी ने पंकज चौधरी को निर्वाचित कर दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संगठन के केंद्रीय चुनाव अधिकारी के लक्ष्मण, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित कई केंद्रीय व राज्य के दिग्गज नेताओं के अलावा वरिष्ठ मंत्री, प्रदेशभर से आए हजारों पदाधिकारी उपस्थित रहे। लखनऊ के डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आज एक समारोह में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी है और इसके व्यवस्थित कामकाज से दुनिया हैरान है। यहां भाजपा के सदस्य बनाने से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने तक की प्रक्रिया होती हैं और सभी कार्य सर्वसम्मति से होते हैं। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर सभी पुराने-नए नेताओं को पार्टी को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुझे सर्वसम्मति से पंकज चौधरी को भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में घोषित करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नामों की भी घोषणा की। इन सदस्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, ब्रजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नाम मुख्य रूप से शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को निर्वाचन संबंधी प्रमाणपत्र और निवर्तमान अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने नए अध्यक्ष पंकज चौधरी को पार्टी का ध्वज सौंपा। नए अध्यक्ष की घोषणा होते ही सभागार में भारत माता की जय, पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगाए। सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने नए अध्यक्ष को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



**सीएम सहित छह बड़े नेता थे प्रस्तावक**

शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुनाव में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने नामांकन किया था। इस पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र न करने से उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया था। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने नामांकन के प्रस्तावक मुख्यमंत्री योगी समेत छह बड़े नेता थे। रविवार को एक समारोह में पंकज के सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की विधिवत घोषणा गई।

**भारत व भारतीयों के प्रति दुनिया का बदला नजरिया**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सीएम योगी ने कहा, एक अनुभवी कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष को जिम्मेदारी दी गई है। वह सरकार और संगठन एक नई ऊर्जा के साथ प्रधानमंत्री के मिशन को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा,भूपेंद्र चौधरी का योगदान अतुलनीय था। संगठन सृजन का दायित्व पूर्णाहुति की ओर आ पहुंचा है। 11 साल में पूरी दुनिया का नजरिया भारत और भारतीयों के प्रति बदला है। जो लोग भारतीयों को हेय दृष्टि से देखते थे, उन्हें अब भारत में क्षमता दिखती है। सीएम योगी ने कहा, 11 साल से भारत को दुनिया के सबसे यशस्वी नेता नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन मिल रहा है। डबल इंजन की ताकत और स्पीड से काफी कुछ बदला है। बीमारू राज्य से आगे निकलकर यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बनकर उभरा है। यूपी दंगामुक्त हुआ है। यूपी में निवेश आए हैं। पौने नौ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी मिली है। डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। 6 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होनी है। पीयूष जी का धन्यवाद कि जैसे ही हमने उनसे उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मांगा, उन्होंने तत्काल उसे स्वीकृत किया। यूपी में निवेश इसलिए आया क्योंकि राजनीतिक स्थिरता थी, प्रधानमंत्री का सहयोग था, डबल इंजन सरकार की ताकत थी।

## दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में सर्दी बढ़ने व घने कोहरे की चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत देश के विभिन्न राज्यों में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ने और घने कोहरे की चेतावनी दी। मौसम विभाग के मुताबिक, तेलंगाना और कर्नाटक में 15- 16 दिसंबर को कुछ स्थानों पर शीतलहर जारी रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में 15-16 दिसंबर, उत्तर-पूर्वी भारत में 15-19 दिसंबर, हिमाचल प्रदेश 15-17 दिसंबर और पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ तथा उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश में 15-16 दिसंबर सुबह के समय घने कोहरे के आसार हैं।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में 14-15 दिसंबर को हल्की बारिश और बर्फबारी की चेतावनी दी है। 17 दिसंबर की रात से एक और कमजोर विक्षोभ आने के कारण 18- 19 दिसंबर को भी हल्की बारिश और बर्फबारी की चेतावनी दी गई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 14-18 दिसंबर को गरज के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सर्द हवा चलने के आसार हैं। दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिनों में



ठंडक बढ़ने और सुबह के समय कोहरा देखने को मिलेगा। 14-17 दिसंबर तक उत्तर भारत में घना कोहरा, दक्षिण में शीतलहर जारी रहने के आसार हैं। आज सुबह उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अत्यधिक घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता 50 मीटर से भी कम हो गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहर आगरा और पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सबसे कम दृश्यता 00 मीटर तक दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में देश का सबसे ठंडा स्थान मैदानी इलाका राजगढ़ (पश्चिमी मध्य प्रदेश) और अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में पिछले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सारंडा जंगल में आईईडी विस्फोट, दो जवान घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को आईईडी विस्फोट की घटना सामने आई है। इस विस्फोट में कोबरा 209 बटालियन के दो जवान घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान अलख दास और नारायण दास के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह घटना सारंडा जंगल के बालिवा क्षेत्र में उस समय हुई, जब सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया, जिससे दोनों जवान घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद घायल जवानों को प्राथमिक उपचार दिया गया।

## बीजेपी की राष्ट्रीय परिषद में मोदी, योगी केशव मौर्य सहित 120 सदस्य निर्वाचित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों को निर्वाचित घोषित किया है। इनमेंवाराणसी से नरेन्द्र मोदी, गोरखपुर से योगी आदित्यनाथ और लखनऊ से राजनाथ सिंह के नाम शामिल हैं।

रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित भाजपा के संगठन पर्व कार्यक्रम के दौरानकेन्द्रीय पर्यवेक्षक पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों के नामों की भी घोषणा की है। इससे पहले गोयल ने केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश का पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, स्मृति ईरानी, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों में भूपेन्द्र चौधरी, डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय, स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्य प्रताप शाही व डॉ. रमापतिराम त्रिपाठी का नाम शामिल है। इसके अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विनोद सोनकर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रमाशंकर कठेरिया, प्रियंका रावत, रमापति शास्त्री, मुकुट बिहारी, विद्या सागर सोनकर, सत्यदेव पचौरी, राजरानी रावत, लल्लू सिंह व संगम लाल गुप्ता को भी राष्ट्रीय परिषद का सदस्य नामित किया गया।

## मनीता प्रधान ने फतह की अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विन्सन

**गंगटोक।** सिक्किम की प्रतिष्ठित पर्वतारोही मनीता प्रधान ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विन्सन मैसिफ पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। विश्वप्रसिद्ध 'सेवन समिट्स' चुनौती को पूरा करने से अब वह केवल एक चोटी दूर रह गई हैं। माउंट विन्सन मैसिफ अभियान पर्वतारोही मनीता प्रधान के महत्वाकांक्षी 'प्रोजेक्ट सेवन समिट्स' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके अंतर्गत उन्होंने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने का लक्ष्य रखा है।

## हॉर्नबिल महोत्सव सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक

**▸ पीएम ने की नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की सराहना की है और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का सशक्त प्रतीक बताया है।

श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक अखबार में हॉर्नबिल महोत्सव को लेकर लिखे गये लेख को साझा किया है और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा



जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया है। आज पूर्वोत्तर एक नये, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा प्रस्तुत करता है। नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेज़बानी नहीं करता, बल्कि स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है, जो त्योहारों की भूमि के गौरवशाली नाम को सही सिद्ध करता है। श्री सिंधिया ने एक अंग्रेजी अखबार में नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव में पूर्वोत्तर की झलकियां नाम से एक लेख लिखा है, जिसे श्री मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया है। श्री मोदी ने लिखा कि नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करता है। जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा। नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और जीवन शैली को प्रस्तुत करने वाला यह महोत्सव नागालैंड की लड़ाकू जनजातियों का सबसे बड़ा उत्सव है। इसे त्योहारों का त्योहार भी कहा जाता है। इस हर साल एक से 10 दिसंबर यानी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है।

## माघ मेला 2025 में स्वयंसेवक के रुप में तैनात होंगे 1250 होमगार्ड

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** माघ मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए 1250 होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। यह जानकारी रविवार को माघ मेला परेड क्षेत्र में विधिवत भूमि पूजन करने के बाद होमगार्ड विभाग के जिला कमांडेंट रंजीत कुमार सिंह ने दी।

माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए प्रयागराज मंडल मिर्जापुर मंडल और अयोध्या मंडल से होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ तीर्थ यात्रियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना होमगार्ड विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष माघ मेला में कुल 1250 होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। इसमें प्रयागराज जनपद से 400, कौशांबी से 100, प्रतापगढ़ से 200, फतेहपुर से 100, मिर्जापुर से 100, भदोही से 100, सोनभद्र से 100, सुल्तानपुर से 100 तथा अमेठी से 50 होमगार्ड शामिल होंगे। ये सभी स्वयंसेवक मेला क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सहायता में तैनात रहेंगे।

## हथियारों का जखीरा बरामद, ड्रग तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**इम्फाल।** मणिपुर में बीते 24 घंटे में सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग जिलों में व्यापक अभियान चलाकर हथियारों का जखीरा बरामद किया, कई उग्रवादी संगठनों के सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया और एक ड्रग तस्कर को भी दबोचा। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि, काकचिंग जिले के सुगनू थाना क्षेत्र अंतर्गत मोल्टिनचैन गांव इलाके में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए।

बरामद सामग्री में एक एसएलआर बिना मैगजीन, स्थानीय रूप से निर्मित एक बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल



खाली मैगजीन सहित, एक डीबीबीएल, एक एसबीबीएल, खाली मैगजीन सहित एक स्थानीय पिस्तौल, एक 36 एचई हैंड ग्रेनेड बिना डेटोनेटर, 7.62 एलएमजी की एक खाली मैगजीन, तीन ट्यूब लॉन्चिंग, एसएलआर की 15 गोलियां, पांच स्टन शेल और एक 51 मिमी एचई बम शामिल हैं। मणिपुर पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के कुम्बी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्बी मायाई लेइकाई वार्ड नंबर-6 से प्रतिबंधित संगठन प्रीपाक (प्रो) के एक सक्रिय कैडर थंगजाम प्रियोबार्ता सिंह उर्फ योक्खतपा (35) को उसके आवास से गिरफ्तार किया। इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थाना क्षेत्र के कांचीपुर इलाके से सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो) के दो सक्रिय उगाहीकर्ताओं को भी पकड़ा।

## बॉन्डी बीच पर गोलीबारी में 12 लोगों की मौत, विश्व समुदाय ने जताया दुख

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर रविवार को ऑटोमैटिक राइफलों से लैस दो बंदूकधारियों ने कम से कम 12 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

दोनों बंदूकधारियों में से एक को पुलिस ने मार गिराया, जबकि दूसरे को जख्मी हालत में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह वारदात उस समय हुई, जब बीच पर यहूदी समुदाय के करीब 1,000 लोग हनुक्का का उत्सव मना रहे थे। इस घटना को लेकर ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली, इजराइल और ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों के साथ संयुक्त राष्ट्र के

> ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए भयावह आतंकी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। हमले में यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन का जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। भारत की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।
>
> **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

महासचिव तथा यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष ने गहरा दुख जताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारों से लैस दो हमलावरों ने भीड़ पर अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे मौके पर चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। अंधाधुंध गोलीबारी में कम-से-कम 12 लोगों के मौत हो गई।

## महारैली में कांग्रेस ने चुनाव आयोग व सरकार पर लोकतंत्र कमजोर करने के लगाए आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी, वोट चोरी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता के सवाल पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली का आयोजन किया। रैली में कांग्रेस नेताओं ने इसे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई बताते हुए कहा कि सरकार और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत से जनता के वोट के अधिकार पर चोट की जा रही है।

राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इस रैली में देश के विभिन्न राज्यों से कांग्रेस कार्यकर्ता रामलीला मैदान पहुंचे। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल



गांधी, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, गौरव गोगोई, महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, सचिन पायलट समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस की विचारधारा देश को बचाने वाली नहीं है और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा गरीबों को फिर से गुलाम बनाना चाहते हैं। देश को आजादी कांग्रेस ने दिलाई थी और आज संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश चले जाते हैं और सदन में सवालों के जवाब नहीं देते। कांग्रेस चुनाव हार सकती है, लेकिन उसकी विचारधारा जिंदा है, जबकि भाजपा एक चुनाव हारते ही खत्म हो जाएगी।

**बढ़ती ताकत** | **गोवा के आईएनएस हंसा पर आईएनएएस 335 की कमीशनिंग बढ़ाएगी भारत की समुद्री क्षमता**

## सीहॉक हेलीकॉप्टर एमएच-60आर की दूसरी स्क्वाड्रन 17 से शुरु

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन गोवा के आईएनएस हंसा में 17 दिसंबर को शुरू की जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएनएएस 335 की कमीशनिंग भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण और समुद्री क्षमता बढ़ाने की लगातार कोशिशों में अहम पल होगा। इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना ने पिछले साल मार्च में पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर



बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एमएच-60आर की पहली स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर में खरीदे हैं। यह सौदा फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुआ था। अब तक 19 एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। भारत ने पिछले माह 28 नवंबर को पांच साल के लिए एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की मरम्मत, परीक्षण और रखरखाव की सुविधा देश में ही देने के लिए अमेरिकी कंपनी के साथ समझौता किया है।

**नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को मिलेगा बढ़ावा**

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अमेरिकी सरकार से मिलने वाली तकनीक से हर मौसम में काम करने वाले एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों की ऑपरेशनल उपलब्धता और रखरखाव को बढ़ावा मिलेगा, जिनमें पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता भी है। इसके अलावा यह सहयोग इन हेलीकॉप्टरों को अलग-अलग जगहों के साथ-साथ जहाजों से भी ऑपरेशन करने में मदद करेगा, जिससे उनके सभी प्राइमरी और सेकेंडरी मिशन/रोल्स के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जा सकेगा। मंत्रालय के मुताबिक गोवा के आईएनएस हंसा में एमएच 60आर हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन आईएनएएस 335 शुरू होने से भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति मजबूत होगी। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट से लैस सीहॉक भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से बनाया गया है। अत्याधुनिक मिशन सक्षम प्लेटफार्मों को शामिल करने से भारतीय नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा। बहुउद्देश्यीय अमेरिकी समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60आर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी के लिए डिजाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलिफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं।

# उत्तर प्रदेश में दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक बेटियों के लिए वरदान बनी सामूहिक विवाह योजना

## सहालग शुरू होते ही प्रदेश भर में सामूहिक विवाह समारोह का हो रहा आयोजन, योगी सरकार का विकास पर केंद्रित एजेंडा विपक्ष को दिखा रहा आईना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से आर्थिक रूप से कमजोर तबके, खासकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

योगी की पहल पर वर्ष 2017 में शुरू हुई यह योजना आज न केवल गरीब की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समावेशिता को भी मजबूत कर रही है। बीते आठ वर्षों में इस योजना के तहत 4 लाख से अधिक गरीब कन्याओं की शादी योगी सरकार की ओर से कराई जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष अबतक करीब 1.20 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिसमें करीब 14 हजार से अधिक गरीब कन्याओं की शादी संपन्न कराई जा चुकी हैं। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामाजिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है।



### सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साढ़े आठ वर्षों के कार्यकाल में बार-बार यह दिखाया है कि उनकी प्राथमिकता वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। प्रदेश के सभी वर्ग, विशेषकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक, मुख्यधारा से जुड़े और उनके विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस योजना के लिए योगी सरकार ने अब तक करीब 2,200 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मद में 550 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

### वंचित वर्गों को मिल रहा लाभ

इस योजना ने उन राजनीतिक दलों को कटघरे में खड़ा कर दिया है, जो लंबे समय तक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की राजनीति के सहारे सत्ता का आनंद लेते रहे, लेकिन उनके लिए ठोस विकास कार्य करने में विफल रहे। विपक्ष की राजनीति को आइना दिखाते हुए, इस योजना ने यह साबित कर दिया है कि केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से ही समाज का सशक्तीकरण संभव है। मुख्यमंत्री योगी का यह कदम न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास और समावेशिता को प्राथमिकता देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर अडिग है।

### कमजोर वर्गों का बदल रहा जीवन

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आंकड़े यह स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए यह योजना कितनी प्रभावशाली साबित हुई है। अब तक इस योजना का सबसे अधिक लाभ दलित वर्ग ने उठाया है, जिसमें 2.20 लाख से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई है। वहीं, पिछड़े वर्ग के 1.30 लाख परिवार और अल्पसंख्यक वर्ग के 40,000 से अधिक परिवार इस योजना के लाभार्थी बने हैं। वहीं सामान्य वर्ग के करीब 16,000 गरीब परिवारों ने अब तक सामूहिक विवाह योजना का लाभ लिया है।

# बच्चों में संस्कार डालना अभिभावकों की जिम्मेदारी : स्वाती सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्वाती सिंह ने कहा कि बच्चों में संस्कार डालना सबसे पहले अभिभावकों का दायित्व है। बच्चे मिट्टी के घड़े की तरह होते हैं, जिन्हें ढालने का काम परिवार करता है और विद्यालय में गुरु उन्हें संवारते हैं। यदि कोई यह कहता है कि उसका बच्चा संस्कारवान नहीं है, तो यह वास्तव में अभिभावक की कमी को दर्शाता है।

वे आज एसआरएम कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हर बच्चा संस्कारवान होता है, जरूरत इस बात की है कि अभिभावक और शिक्षक उसकी मानसिकता को समझें और उसी के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए उसे प्रेरित करें। स्वाती सिंह ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राज कुमार राय तथा शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार ने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। गुरु बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कारवान बनाकर समाज को समर्पित करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### शुरू हुआ येशु मसीह जन्म उत्सव, 25 तक चलेगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट (दया का घर) द्वारा मसीह यीशु का जन्म उत्सव का आयोजन रविवार को बंथरा किया गया। इस मौके पर बिशप डाक्टर आर सी शेत ने कहा कि यीशु मसीह ने जनमानस के कल्याण और मानव जीवन बचाने, जाति-पांति, ऊँच-नीच, अधार्मिकता, पाप को जड़ से समाप्त करने, शांति स्थापित करने, और पाप के दासता से मानव को मुक्ति देने के लिए लिए स्वयं स्वर्ग से उतर कर मानव रूप में जन्म लिया और अपना जीवन मानव कल्याण के लिए दे दिया, ताकि आकाश में परमेश्वर की महिमा और मनुष्यों में शांति स्थापित हो । इसीलिए आज हम येशु मसीह का जन्म उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस अवसर पर एकत्रित सैकडो लोगो ने येशु मसीह के जन्म दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, झाकियों, गीतों और सामूहिक नृत्यों द्वारा मसीह की महिमा की। इस कार्यक्रम में दिल्ली, केरल, मुंबई, आदि स्थानों से मुख्य वक्ताओं ने मसीह के जन्म लेने के रहस्यों और ईश्वर के उद्धार की योजना मानव जाति का कल्याण करने वाले संदेश सुनाए । दया का घर द्वारा इस तरह के कार्यक्रम 25 दिसंबर तक प्रतिदिन लगभग दस अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जयेगा। बिशप डाक्टर आर सी शेत के द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे पास्टर अजय पास्टर मनीष, पास्टर विनोद, पास्टर रामचन्द्र, पास्टर राजेश, पास्टर मयंक डेविड, राजा भैया, रंगीलाल, पप्पू भाई, डॉ. आर्थर कोकर, डॉ. सुनीता कोकर, आदि लगभग 50 सेवको एवं अन्य मतावलंबियो ने कार्यक्रम के पावन अवसर में सिरकत की।

### आम के पेड़ से लटका मिला लड़के का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आगरा एक्सप्रेस-वे के पास आम के पेड़ से एक लड़के का शव लटकता मिला है। मृतक की पहचान मैनपुरी के जोगेंद्र यादव (19) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह लखनऊ हाइड्रा सीखने आया था। घटना पारा थाना क्षेत्र के मौंदा मोड़ के पास यादव क्रेन सर्विस के प्लांट में रविवार सुबह हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन को सूचना दे दी गई है। वह लखनऊ आ रहे हैं। मृतक जोगेंद्र यादव मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के लेहगांव गांव के अमरीश यादव का बेटा था। वह लगभग दो महीने पहले मैनपुरी से लखनऊ आया था। अपने बुआ के लड़के अमित यादव के पास रह रहा था। अमित यादव की यादव क्रेन सर्विस नाम से एक एजेंसी है, जहां जोगेंद्र हाइड्रा मशीन चलाना सीख रहा था। फिलहाल, युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### रात में घर में घुसकर अधेड़ ने लड़की को दबोचा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र के एक गांव में अधेड़ ने अपने मोहल्ले की 13 साल की लड़की को रात में दबोच लिया। वह रात के 2 बजे उसके घर पहुंच गया। जैसे ही उसने लड़की को दबोचा, लड़की चिल्लाने लगी। शोर से घरवाले जाग गए जिससे डरकर युवक छत से कूद गया। इससे उसके शरीर में गंभीर चोटें भी आ गईं। लड़की के चाचा ने बताया शनिवार-रविवार की बीच रात करीब 2 बजे सोनू सिंह घर में घुसकर बच्ची से जबरदस्ती करने लगा। घर के अंदर शोर सुनकर सभी लोग जाग गए। सोनू को पकड़ने के लिए दौड़ाया गया तभी पहली मंजिल से कूद गया। नीचे ई-रिक्शा खड़ा था जिस पर वह गिरा और घायल हो गया। इसके बाद उसके भाई और परिवार के सदस्य आए और उसको लेकर चले गए। इसके बाद थाने में जाकर हमने शिकायत दर्ज कराई।

### चौराहे पर अलावा जलने तथा अतिक्रमण का मुद्दा गर्माया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासी महा समिति की मासिक बैठक अरविंदो पार्क इंदिरा नगर में देवी शरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई जिसके दौरान क्षेत्र में जन समस्याओं पर चर्चा हुई। महा समिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बैठक के दौरान बताया कि बढ़ती हुई ठंड को मद्देनजर रखते हुए मुख्य चौराहों पर अलाव जलाने, पुलिस गस्त बढ़ाने, अरविंदो पार्क, मुंशी पुलिया, भूतनाथ, दीनदयाल पुरम, तकरोही रोड व मुख्य चौराहों पर अतिक्रमण हटाने, अमराई गांव से कुकरैल की तरफ जाने वाले नाले पर अतिक्रमण हटाने, टूटे पत्थर को सही कराने, सेक्टर 14 आरएलबी स्कूल की रोड की मरम्मत कराने तथा सफाई जैसे अहम मुद्दों को लेकर चर्चा हुई और नगर आयुक्त से समस्याओं के निदान के लिए समय मांगा है। बैठक में सुभाष शर्मा, कैलाश जैन, सुनील कुमार त्यागी, महेश वाल्मीकि, आलोक सक्सेना आदि शामिल रहे।

### लोकबंधु अस्पताल में किया 50 यूनिट रक्तदान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा लोकबंधु श्री राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में 50 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में मानवीय सेवा की भावना को सशक्त करना रहा।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था विगत 8 वर्षों से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य कर रही है और समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी रहे। विशेष अतिथियों में उमेश श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईपीएस), समाजसेविका डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, अस्पताल की निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित, डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी एवं श्री प्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहे।

## बिना आवेदन, बिना देरी बुजुर्गों के खाते में नई पेंशन योजना पर तेजी से क्रियान्वन

# वृद्धों व निराश्रितों का सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**▸ 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को बिना आवेदन के ही मिलेगी पेंशन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार वृद्धों और वंचितों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन को आसान बनाने से वृद्धों का वर्तमान सरकार पर भरोसा और बढ़ गया है।

इस जनकल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए संबंधित विभाग तेजी से काम कर रहा है। प्रदेश के बुजुर्ग इस योजना से काफी उत्साहित हैं। नई योजना के अनुसार अब 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को बिना आवेदन के ही पेंशन मिलेगी। नई वृद्धावस्था पेंशन योजना पर तेजी से क्रियान्यवन समाज कल्याण विभाग द्वारा नई वृद्धावस्था पेंशन को जल्द ही क्रियान्वित कर दिया जाएगा।



अगले बीस दिनों में सभी जिलों द्वारा एसओपी तैयार करके विभाग को भेज दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को अधिक प्रभावी और भरोसेमंद बनाने के लिए भुगतान प्रक्रिया में अहम सुधार किए हैं। अब पात्र वृद्धजनों की पहचान और सत्यापन फैमिली आईडी के माध्यम से स्वतः होगा। इससे समय कम लगेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी। इस नई प्रणाली के तहत पेंशन सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में समयबद्ध तरीके से पहुंचेगी। सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वो फैमिली आईडी आधारित सत्यापन को गंभीरता से पूर्ण करें।

### प्रदेश का एक भी बुजुर्ग छूटेगा नहीं

नई योजना के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को अब पेंशन के लिए अलग से आवेदन नहीं करना पड़ेगा। फैमिली आईडी में दर्ज आयु और पारिवारिक विवरण के आधार पर पात्रता स्वतः निर्धारित होगी। इसके साथ ही जो नागरिक अगले 90 दिनों में 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं, उनके नाम भी स्वतः शामिल हो जाएंगे। समाज कल्याण विभाग ये भी सुनिश्चित करेगा किसी भी वृद्ध का नाम छूटने न पाए। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि हम प्रदेश के सम्मानित बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए हम विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निराश्रित, वृद्धों और वंचितों के सशक्तिकरण का प्रयास कर रहे हैं।

**निराश्रित और वंचितों पर विशेष फोकस**

योगी आदित्यनाथ सरकार निराश्रित महिला, वृद्धावस्था और दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं के तहत प्रदेश में कुल 1,06,17,640 लाभार्थियों को प्रतिमाह 1,000 रुपये की पेंशन राशि प्रदान कर रही है। इससे जरूरतमंद वर्गों को नियमित आर्थिक संबल मिल रहा है और उनकी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में स्थायी सहायता सुनिश्चित हो रही है।

## संपत्ति विवाद में रिश्तेदारों ने हमला किया, मौके पर जुटे लोगों ने तमंचा छीना

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर रिश्तेदारों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर अवैध तमंचा, धारदार गड़ासा और सूजे से परिवार पर हमला किया। महिला से अभद्रता कर उसके कपड़े फाड़ दिए। हीरालाल नगर निवासी 74 वर्षीय दीश्व देवी के अनुसार, यह घटना रविवार दोपहर को हुई। उन्नाव जिले के सदर कोतवाली थाना अंतर्गत लोकइया खेड़ा निवासी उनके देवर के बेटे विनोद कुमार, उसकी पत्नी सीता, बेटी प्रांशू और भाई विनय कुमार उर्फ पिंटू उनके घर पहुंचे थे। चाय-नाश्ते के बाद उन्होंने रायबरेली स्थित एक मकान को अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए विवाद शुरू कर दिया।

# लापरवाही पर जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह पर कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कानपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम अव्यवस्थाओं की वजह से विवादों में घिर गया है। इस समारोह की बदइंतजामी का खामियाजा जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह को भुगतना पड़ा है।

शासन ने एक्शन लेते हुए उन्हें कानपुर से हटाकर समाज कल्याण निदेशालय लखनऊ अटैच कर दिया है। उनकी जगह संभल में तैनात शिवम सागर को नया जिला समाज कल्याण अधिकारी बनाकर कानपुर भेजा गया है। कार्रवाई अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू के आदेश पर की गई। सीएसए परिसर में सामूहिक

**▸ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का हाल**

विवाह समारोह में 562 जोड़ों का विवाह और निकाह संपन्न हुआ था लेकिन कार्यक्रम के दौरान खाने-पीने की गंभीर कमी सामने आई, जिससे अफरातफरी मच गई। किसी को रोटी मिली तो सब्जी नसीब नहीं हुई, वहीं रसगुल्ले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी देखी गई। भोजन को लेकर मचे हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद प्रशासन की किरकिरी होने लगी। ठेकेदार की ओर से सफाई दी गई कि भोजन की व्यवस्था 450 जोड़ों और उनके परिजनों के लिए थी। नवविवाहित जोड़ों को दिए जाने वाले उपहारों में भी खामियां पाई गईं।

## किसान, मजदूर और बिजली कर्मी एक साथ मिलकर करेंगे संघर्ष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों द्वारा सामूहिक जेल भरो आंदोलन के समर्थन में देशभर से बिजली कर्मियों के जत्थे उत्तर प्रदेश के लिए कूच करेंगे। बिजली कर्मचारियों की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स, संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की आज राजधानी दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि बिजली के निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में एक साथ मिलकर संघर्ष किया जाएगा।

# समरसता व नवनिर्माण का केंद्र बनेगा धर्मशाला

**▸ मंत्री ने किया महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का शिलान्यास**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कानपुर नगर के रायपुरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह भवन हरिजन सहायक समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित समस्त समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति देना है।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। महर्षि वाल्मीकि जैसे महान ऋषि और समाज सुधारक के नाम पर निर्मित भवन सामाजिक नवनिर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। भवन के पूर्ण होने के बाद विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मार्गदर्शन कक्षाएं और शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इससे समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और उनका आत्मविश्वास सुदृढ़ होगा। शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की प्रगति की नींव होते हैं। इस भवन के माध्यम से संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों से समाज के होनहार बालक-बालिकाओं का भविष्य उज्ज्वल बनेगा और वे प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई द्वारा भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई 25 लाख की सहयोग राशि की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए ऐसे सहयोग समाज सेवा की भावना को मजबूत करते हैं।



# कृषि मंत्री ने की किसान पाठशाला की समीक्षा

**▸ ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी, किसान पाठशाला के सफल क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कृषि भवन में कृषि मंत्री, सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी, किसान पाठशाला की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री योगी द्वारा 12 दिसंबर को बाराबंकी के ग्राम दौलतपुर में पद्मश्री कृषक रामशरण वर्मा के प्रक्षेत्र से शुभारम्भ किए गए।

इस कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन और क्रियान्वयन की रणनीति तय करना तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देना था। मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के कारण यह कार्यक्रम और



महत्वपूर्ण हो जाता है। हम सभी का दायित्व है कि इसका आयोजन प्रदेश भर में सही ढंग से किया जाए। इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश की 21,000 ग्राम पंचायतों में कराने हेतु समस्त जनपदीय मंडलीय कार्यालयों को निर्देशित कर दिया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु मंत्री ने जनपदीय उप कृषि निदेशक एवं मंडलीय संयुक्त कृषि निदेशकों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन शासन द्वारा जारी शासनादेश एवं निदेशालय द्वारा प्रेषित निर्देशों के क्रम में जनपद के अंदर स्थित पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम पंचायत सचिवालय प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ जनपद के प्रगतिशील पुरस्कृत कृषकों के खेत पर किया जाए। जनप्रतिनिधियों को प्रतिभाग हेतु अपने अथवा जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी के स्तर से पत्र जारी करते हुए व्यक्तिगत रूप से आग्रह कर लिया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में पाठशाला का आयोजन किया जाना है, उनके ग्राम प्रधान को पहले से अवगत करा दिया जाए। इस बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी, अपर कृषि निदेशक प्रसार, अपर कृषि निदेशक तिलहन एवं दलहन, कृषि रक्षा, गेहूं मोटा अनाज, भूमि संरक्षण, सामान्य, संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक, ब्यूरो, बाढ़ोन्मुखी उपस्थित रहे। इसके साथ ही के समस्त मंडलीय संयुक्त कृषि निदेशक एवं जनपदीय उप कृषि निदेशक वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## प्रेमिका को गोली मारने वाला साथी संग गिरफ्तार

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में प्रेमिका को गोली मारने वाला सिरफिरा प्रेमी गिरफ्तार हो गया है। पुलिस ने आज उसे साथी के साथ किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से स्कॉर्पियो, पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है। घटना पारा थाना क्षेत्र की है। 11-12 दिसंबर की रात यहां रहने वाली 21 साल की युवती को सरोजनी नगर के आकाश कश्यप ने घर में घुसकर गोली मार दी थी। पुलिस ने बताया कि आकाश और उसके साथी शिवम कश्यप को गिरफ्तार किया गया है। आकाश ने बताया कि युवती से करीब 1 साल से उसका प्रेम-संबंध चल रहा था। कुछ माह से युवती ने दूरी बना ली थी। इससे गुस्से में आकर 11-12 दिसंबर की रात उसके घर में घुसकर गोली मार दी।

# आज जलापूर्ति रहेगी बाधित, ऐशबाग, नाका, केकेसी क्षेत्र में नहीं आएगा पानी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में सोमवार को पानी नहीं आएगा। नगर निगम ने इसकी एडवाइजरी जारी की है। राम नगर धोबी घाट कूड़ा घर के पास स्थित 300 एमएम डाया की पाइपलाइन में लीकेज सुधार का काम होना है। इस कारण ऐशबाग मेन फीडर लाइन से जलापूर्ति को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अस्थाई रूप से बंद रखा जाएगा।

मरम्मत काम के चलते शास्त्रीनगर, खजुहा, तिलक नगर, रकाबगंज, राजेंद्र नगर, ऐशबाग, राजाबाजार, करेहटा, गढ़ी कनौरा, नक्खास, नाका हिण्डोला, केकेसी, खुर्शीदबाग सहित आसपास के क्षेत्रों में दोपहर की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने बताया कि लीकेज मरम्मत अत्यंत आवश्यक है, ताकि आगे जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सके।

जलकल विभाग ने सभी लोगों से अपील की है कि 15 दिसंबर की सुबह आवश्यकतानुसार पानी का स्टोर कर लें, जिससे दोपहर के समय जल की कमी का सामना न करना पड़े। विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में काम पूरा कर जलापूर्ति शीघ्र बहाल कर दी जाएगी। जीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि रखरखाव और मरम्मत कार्य नियमित रूप से जारी रहेंगे, जिससे शहर की जलापूर्ति व्यवस्था अधिक मजबूत और विश्वसनीय बन सके।

# कैफी आजमी अकादमी पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को लखनऊ में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने निशातगंज स्थित कैफी आजमी अकादमी का दौरा किया। उनके साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी और महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अकादमी से जुड़े लोगों से संवाद किया और यहां हो रही गतिविधियों की जानकारी ली।

कैफी आजमी अकादमी राजधानी लखनऊ का एक प्रमुख सांस्कृतिक और साहित्यिक केंद्र मानी जाती है। यह प्रेक्षागृह वरिष्ठ शायर कैफी आजमी के नाम पर बनाया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अंतर्गत संचालित होता है। यहां साहित्यिक गोष्ठियों, नाट्य प्रस्तुतियों, सेमिनार और गंभीर वैचारिक विमर्श जैसे कार्यक्रमों का नियमित आयोजन होता है। इस अकादमी की परिकल्पना अभिनेत्री शबाना आजमी और सिने लेखक-गीतकार जावेद अख्तर ने की थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में इस प्रेक्षागृह के निर्माण और विकास के लिए पर्याप्त आर्थिक सहयोग दिया गया था। समाजवादी पार्टी ने इसे कला, संस्कृति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाला संस्थान मानते हुए विशेष संरक्षण दिया। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि कैफी आजमी अकादमी केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि समाज में प्रगतिशील विचारधारा और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती देने वाला केंद्र है। यहां होने वाली गतिविधियां समाज को संवेदनशील और जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाती है। अकादमी दौरे के बाद अखिलेश यादव मैक्स अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व नेता विरोधी दल राम गोविंद चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।



**स्थापना दिवस** | संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 42वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ

# शोध को बढ़ावा देने के लिए एआई का उपयोग करेगा एसजीपीजीआई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने रविवार को दीप जलाकर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 42वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ किया।

एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो.आर.के.धीमान ने इस अवसर पर कहा कि एआई सभी क्षेत्रों में विकास की गति को हमारी कल्पना से कहीं अधिक बढ़ा रहा है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार भी 2047 तक विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस क्षेत्र में भारी निवेश कर रही हैं। स्वास्थ्य सेवा इस दौड़ में पीछे नहीं रह सकती। इसलिए, एसजीपीजीआई मरीजों की देखभाल और शोध को बढ़ावा देने के लिए एआई का उपयोग करेगा। इसका उद्देश्य भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित, तेज, सटीक और व्यापक बनाया जा सके।

प्रो. धीमान ने बताया कि एसजीपीआई एक ऐसे स्वास्थ्य सेवा केंद्र की स्थापना करेगा, जो सबसे उन्नत स्तर की चिकित्सा सेवा प्रदान करेगा। यह स्वास्थ्य सेवा केंद्र, चिकित्सा उपचार की उच्चतम और सबसे विशिष्ट पहल है, जो सबसे गंभीर और जटिल रोगियों के लिए अंतिम रेफरल केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो प्रोटॉन थेरेपी, ईसीएमओ, उन्नत न्यूरो-इंटरवेंशनल, सटीक ऑन्कोलॉजी और अत्याधुनिक सेलुलर थेरेपी जैसी प्रौद्योगिकियां प्रदान करेगा। जो वर्तमान में केवल कुछ ही भारतीयों के लिए सुलभ है, जो इलाज के लिए विदेश जाते हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष, आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली डॉ0 अभिजात चंद्रकांत सेठ, एसजीपीजीआई के निदेशक राधाकृष्ण धीमन, संकाय अध्यक्ष प्रो0 शालीन कुमार, लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो0 सी0एम0 सिंह, विशेष सचिव कृतिका शर्मा एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.39 लाख से अधिक वादों का निस्तारण, करोड़ों की वसूली

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहांपुर के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद दीपक वर्मा रहे। अध्यक्षता जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा ने की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ओम प्रकाश मिश्र (तृतीय) ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 1,39,518 वादों का निस्तारण किया गया। इनमें न्यायालयों में विचाराधीन 12,336




वादों के निस्तारण के उपरांत 6,71,78,184 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 1,20,783 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। ऑनलाइन चालान से संबंधित 5,078 मामलों में 11,78,400 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। वहीं, विभिन्न बैंकों के 1,317 प्री-लिटिगेशन ऋण मामलों में 9,15,71,700 रुपये के ऋण खातों का समझौता कराया गया। लोक अदालत में प्राचीनतम श्रेणी के कुल 08 पुराने वादों का भी निस्तारण हुआ। इनमें वर्ष 1993 के 03, वर्ष 1996 का 01, वर्ष 2012 का 01 तथा पांच वर्ष पुराने 03 वाद शामिल रहे। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश श्री विष्णु कुमार शर्मा द्वारा 04 फौजदारी वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी मोहम्मद रिजवान द्वारा 83 मामलों का निस्तारण कर 5,71,34,400 रुपये प्रतिकर राशि दिलाए जाने का आदेश पारित किया गया।पारिवारिक न्यायालय द्वारा 12 वैवाहिक जोड़ों के बीच समझौता कराकर उन्हें साथ रहने के लिए राजी किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय श्री नरेन्द्र कुमार तृतीय द्वारा 30 फौजदारी एवं 23 वैवाहिक, जबकि अपर प्रधान न्यायाधीश यासमीन अकबर द्वारा 13 वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल द्वारा 3,114 आपराधिक वादों का निस्तारण कर 2,85,400 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न न्यायिक अधिकारियों द्वारा हजारों वादों का निस्तारण किया गया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को गति मिली। कार्यक्रम से पूर्व लोक अदालत का उद्घाटन प्रशासनिक न्यायमूर्ति दीपक वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच दीवानी, आपराधिक व पारिवारिक विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा न्याय व्यवस्था को सुलभ व प्रभावी बनाता है। इस अवसर पर जिला कारागार के बंदियों तथा राजकीय बालगृह (शिशु एवं बालक) के बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना की। प्रदर्शनी में वस्त्र, बैग, पेंटिंग, बेकरी उत्पाद, पूजा सामग्री, गमले आदि आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र (तृतीय) ने किया। आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, पैरालीगल वालंटियर्स का विशेष सहयोग रहा।

## अवैध शराब में युवक गिरफ्तार

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना गढ़िया रंगीन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।उसकी दुकान से प्लास्टिक के कट्टे में रखी 19 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद की। हेड कांस्टेबल अमित कुमार और सुभाष बघेल शांति व्यवस्था ड्यूटी पर कुबेर गोटिया पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुनिया गांव में सुरेंद्र अपनी परचून की दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। दुकान की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक के कट्टे में सोलजर ब्रांड की 19 टेट्रा पैक देशी शराब मिली।पुलिस सुरेंद्र को लेकर थाने आई। मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की।

## हिंदू युवा वाहिनी की बैठक में एकजुटता पर जोर

**सिधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक सभागार में आयोजित हिन्दू युवा वाहिनी की मासिक बैठक में एकजुटता पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनीष कश्यप ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता के कन्धे पर संगठन की मजबूती का दायित्व है।जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने एकजुटता पर जोर दिया। बैठक को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विनीत शुक्ला ने भी सम्बोधित किया। संगठन के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का सभी पदाधिकारियों ने




स्वागत किया। इस अवसर पर महेश सिंह, रज्जन मिश्रा, सुधीर सिंह, शुभम मिश्रा, दिनेश शुक्ला, विक्रम सिंह, मिथुन बाल्मीकि आदि उपस्थित।

## सुबह की बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** बीते दो दिनों से सुबह तड़के होने वाली बिजली कटौती से नगर क्षेत्र के उपभोक्ता खासे परेशान हैं। नगर में लंबे समय से सुबह छह बजे से आठ बजे तक बिजली कटौती की व्यवस्था चली आ रही थी, लेकिन पिछले दो दिनों से अचानक कटौती का समय बढ़ा दिया गया है। अब सुबह छह बजे जाने वाली बिजली करीब ग्यारह बजे के आसपास आ रही है, जिससे आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। नगरवासियों का कहना है कि सुबह के समय बिजली की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। इसी समय नगर पालिका द्वारा टँकी पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन बिजली न होने के कारण मोटर नहीं चल पाती। कई मोहल्लों में लोगों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा सुबह के समय ही बच्चे स्कूल जाने के लिए तैयार होते हैं। बिजली न होने से न तो पर्याप्त रोशनी मिल पाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सर्दी के मौसम में सुबह अंधेरा होने के कारण परेशानी और बढ़ जाती है। इस संबंध में एसडीओ बिजली सौरभ ने बताया कि शाहजहांपुर रोड निर्माणाधीन होने के कारण भैंसटा गांव से आने वाली विद्युत लाइन के इंसुलेटर पर धूल जम जाती है। रात में ओस पड़ने के दौरान यह धूल गीली होकर लाइन में फाल्ट का कारण बन जाती है, जिससे सप्लाई बाधित हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिनों में व्यवस्था में सुधार कर लिया जाएगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

## एडीएम वित्त ने किया चीनी मिल डालमिया निगोही का निरीक्षण, 4 ट्रकों का चालान



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोहरे में सड़क हादसों की रोकथाम एवं गन्ना ट्रालियों में लाल कपड़ा, रिफ्लेक्टर लगाने को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर बीती रात 12 बजे एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने चीनी मिल डालमिया डीसीओ, एससीडीआई, बाट माप निरीक्षक व पीटीओ के साथ निरीक्षण किया। चीनी मिल का ग्रॉस एंड टियर सही पाया गया। कृषक रैन बसेरा में कोई व्यवस्था न पाने पर एडीएम का पारा चढ़ गया। एक व्यक्ति नीचे फर्श पर केवल शाल ओढ़कर सो रहा था।जिस पर तत्काल जीएम केन से व्यवस्था कराया गया। रैन बसेरा में पर्याप्त व्यवस्था बनाने हेतु निर्देश दिए गए। केन यार्ड में अलाव जलाने शौचालय की साफ़ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, कृषकों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। रिफ्लेक्टर न लगाने, पीछे लाल कपड़ा न लगाने पर 4 ट्रकों को 10000-10,000 रूपये का चालान काटा गया। यार्ड में ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर नहीं लगा पाए जाने पर लोगों को जागरूक करते हुए कुछ पर रिफ्लेक्टर लगवाए गए।

## सलोनी व सप्तमी ने डीसीए की परीक्षा ए+ श्रेणी से पास की

**शाहजहांपुर।** मोहल्ला कटिया टोला में स्थित लक्ष्य कम्प्यूटर टाइपिंग इंस्टीट्यूट में बढ़ती आधुनिक तकनीक को मद्देनजर रखते हुए बच्चों को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि बच्चे कम्प्यूटरीकृत युग में अपने भविष्य को



सुदृढ बना रखे। संस्थान द्वारा कम्प्यूटर पर आधारित विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है।

कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया जाता है। इसी क्रम में संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सलोनी वर्मा व सप्तमी वर्मा ने डीसीए की परीक्षा ए+ श्रेणी से पास कर संस्थान व अपने माता पिता का नाम रौशन किया है। जिसके लिए संस्थान के प्रबंधक सोनू राठौर, कोऑर्डिनेटर अभिषेक गुप्ता द्वारा प्रमाण पत्र देकर बच्चों को सम्मानित किया गया।

## ...दुआ में उठे हाथों को चलो ढूंढ लाते हैं

- मुख्तार-ए-दो आलम के बैनर तले हुआ पहला मुशायरा
- साहित्यकार व पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्तार - ए - दो आलम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के आयोजकत्व में मुशायरे का प्रोग्राम हुआ। जिसमें स्थानीय व दूरदराज से आए शायरों ने कलाम पेश कर जमकर वाह वाही लूटी। इस मौके पर पत्रकारों व वरिष्ठ जनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। नगर के चौहटियां बाजार स्थित ग्लोब पब्लिक स्कूल में शनिवार देर शाम मुशायरे की महफिल सजी। जिसमें जर्रार तिलहरी की अध्यक्षता और वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार अजय अवस्थी, वरिष्ठ शिक्षक खुर्शीद साहब व आमिर मियां के सानिध्य में मुशायरे की शुरुआत में पत्रकार मनोज प्रबल, अजय अवस्थी, मिर्जा फिरोज बेग, वीनू सिंह, राशिद हुसैन राही, कुलदेव मिश्रा, राजाराम गुप्ता, इमरान सागर, मो एजाज, अनुज यादव, अर्शियान खान, कामरान अंसारी, अजहर अली, फैसल फैज के अलावा मास्टर खुर्शीद साहब व आमिर मियां को सोसायटी के संस्थापक डॉ उवैस खान शिफा ने पूरी टीम के साथ शॉल ओढ़ाकर और फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रबल और मिर्ज़ा फिरोज बेग ने



समारोह को संबोधित करते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम जहां साहित्य की सेवा में अपना योगदान देते हैं। वहीं समाज को जोड़ने का काम भी करते हैं। मुख्तारे दो आलम सोशल वेलफेयर सोसाइटी समाज और साहित्य दोनों के लिए काम कर रही है। हम सभी सोसाइटी के बैनर तले होने वाले साहित्यिक व सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।बमास्टर शाहिद अली के संचालन में शेयर असगर यासिर ने कहा - उठा रहा है कि नीचे गिरा रहा है मुझे, वह अपने कद के बराबर बता रहा है मुझे, हमीद खिज़र ने सुनाया -

तुम्हारी जिंदगी से है हमारी जिंदगी हमदम, तुम्हारी आंख होगी नम तो कैसे नींद आएगी, मनोज प्रबल÷ तिलहरी ने कुछ यूं कहा - सोया पड़ा था नींद में दुनिया से वे खबर, आकर किसी ने ख्वाब में मुझको जगा दिया, जर्रार तिलहरी ने कहा - जंगल में जब कोई ख़तरा होता है, सारे पंछी शोर मचाने लगते हैं।

रईस तिलहरी ने फरमाया - गरीबी में बसर करना गवारा जब नहीं तुमको, हम अपना रास्ता देखें तुम अपना रास्ता देखो, शायरा गुलिस्तां खान ने कहा- दो साए कड़ी धूप में इक जान हुए हैं, इस बात से कुछ लोग परेशान हुए हैं, अजय अवस्थी ने कहा - गली चलते बुजुर्गों से वो दिन भर बंदगी करना, दुआ में उठते हाथों को चलो फिर ढूंढ लाते हैं। अर्शियन अर्श ने कहा- इस हुस्न की तारीफ मुक़म्मल ना हो सकी, ग़ज़लों के जाने कितने सुखनवर बदल गए। वाजिद हुसैन वाजिद ने कहा- हम ही नादान थे जो इश्क़ समझ बैठे थे, आप ने हाथ बढ़ाया था ज़रूरत के लिए, उवैस खां शिफा ने कहा - वह ऐतमाद करने के क़ाबिल नहीं रहा, गुस्से में जिसने फेंक दी पगड़ी उछाल कर, इब्ने हसन ने कहा - इज़्ज़त अगर है चाहिए तो गौर से सुनो, इज़्ज़त तभी मिलेगी जब इज़्ज़त करेंगे हम, शमशाद आतिफ ने कहा - उस सितमगर का निशाना हैं हमारी पगड़ियां,और हम नादान अपना सर बचाने लग गए, साजिद सफदर ने कहा - मशहूर हो भी जाये तो मक़बूल न होगी, गर शाइरी में कोई तिलिसमात नहीं हैं, रेहान ताबिश ने कहा - मैं सो रहा था चैन की चादर लपेटकर, घर की ज़रुरतों ने अचानक जगा दिया। इनके अलावा शोईद, शाहजहाँपुरी, फरीद तिलहरी, कासिम हुसैन ने भी अपने अपने कलाम पेश किए मुशायरा देर रात तक चलता रहा जिसमें काफी तादाद में लोग जमा रहे।

## दिव्यांगजनों की प्रत्येक सोमवार को रेडक्रास कार्यालय में सुनीं जाएंगी समस्याएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में दिव्यांगजन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने रेडक्रास सचिव डा विजय जौहरी से भेंट कर दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान हेतु रेडक्रास से सहयोग दिए जाने की अपेक्षा की है। जिस पर डा विजय जौहरी ने कहा कि रेड क्रॉस दिव्यांगजनों को केवल राहत ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण और समावेशन के अवसर प्रदान करता है, ताकि वे समाज के सक्रिय और सम्मानित



सदस्य बन सकें। ऊँ दिव्यांगजन कल्याण समिति के पदाधिकारियों से वार्ता करने के उपरान्त संयुक्त निर्णय लिया गया कि सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित दिव्यांग बोर्ड के द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने हेतु निर्धारित सोमवार को कार्य दिवस पर कार्यालय प्रांगण में जनपद स्तर से काफी संख्या दिव्यांगजन इकट्ठा होते हैं यदि किसी भी दिव्यांगजन को कोई समस्या हो तो इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में आकर भेट कर अपनी समस्या का समाधान हेतु प्रेषित कर सकता है जिसके उपरांत रेड क्रॉस अपने स्तर से दिव्यांग जन की समस्या हेतु संबंधित विभाग से संपर्क कर दिव्यांग जन की समस्या का समाधान कराने का सफल प्रयास करेगी तथा संबंधित विभाग से कार्यवाही कराने के उपरान्त दिव्यागजन को अवगत कराने का कार्य भी रेड क्रॉस सोसायटी अपने स्तर से करेगी। प्रतिनिधि मंडल में ऊँ दिव्यांगजन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष दिव्यांग बालकृष्ण पांडेय दिव्यांग रामसिंह कोषाध्यक्ष नन्द किशोर मिश्रा इत्यादि दिव्यागगजन उपस्थित थे। रेडक्रास सचिव डॉ विजय जौहरी ने सम्मान सबको सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## ऑनलाइन ठगी के मामलों में 1 लाख की शत-प्रतिशत धनराशि कराई वापस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में साइबर क्राइम सेल जनपद शाहजहाँपुर ने सराहनीय कार्य करते हुए दो अलग-अलग ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में पीड़ितों को कुल 1,00,000 की शत-प्रतिशत धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई है। यह कार्रवाई Golden Hour के महत्व को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध ढंग से की गई। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के निर्देशानुसार साइबर अपराध से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में साइबर क्राइम सेल ने यह सफलता हासिल की। पहले मामले में थाना सदर बाजार क्षेत्र के ग्राम शहवाजनगर निवासी अंशु मिश्रा के बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से 50,000 की धोखाधड़ी कर ली गई थी। पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई। दूसरे मामले में ओ.सी.एफ. कैंट निवासी नवीन गोस्वामी से ट्रांसपोर्ट के लिए वाहन भेजने के नाम पर 50,000 की ऑनलाइन ठगी की गई, जिसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर की गई थी।दोनों मामलों में साइबर क्राइम सेल एवं साइबर हेल्पडेस्क थाना सदर बाजार की टीम ने तत्परता दिखाते हुए बैंक खातों को फ्रीज कराया और गहन जांच के बाद पीड़ितों की पूरी धनराशि वापस दिलाई। इस सराहनीय कार्य में प्रभारी निरीक्षक अनूप शर्मा (साइबर क्राइम सेल), निरीक्षक अपराध विनोद कुमार यादव (थाना सदर बाजार) एवं नोडल साइबर हेल्पडेस्क के आरक्षी शुभम पुनिया की अहम भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई जा सके।

## स्कूल जाते वक्त 7 साल की मासूम से गैर समुदाय के युवक ने की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। जिसमें एक 7 साल की बच्ची को स्कूल जाते वक्त गैर समुदाय के युवक ने न सिर्फ बुलाया बल्कि उसके साथ अश्लील हरकतें भी की उसका गाल सहलाया बच्ची ने घर जाकर रो रो कर परिजनों को आपबीती बताई। दरअसल यह पूरा मामला शाहजहांपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाबूजई का है। जहां के रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को दी भी तहरीर में बताया कि उनकी 7 वर्षीय भांजी कक्षा 3 की छात्रा है। वह सुबह स्कूल जा रही थी स्कूल जाते वक्त अख्तर नाम का युवक रोज बच्ची को पैसे देने के बहाने बुलाया करता था।आज सुबह बच्ची जब स्कूल जा रही थी तो अख्तर ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ कर उसके गाल को सहलाने लगा वह अश्लील हरकत करने लगा मासूम डर गई। बच्ची ने खुद को छुड़ाया और घर जाकर जब अपने घर पर पूरी घटना बताई तो घर वाले दंग रह गए। परिजन बच्ची को लेकर पुलिस के पास गए। जब यह मामला हिंदू संगठनों की जानकारी में आया तब हिंदू संगठन के पदाधिकारी राजेश अवस्थी अपने टीम के साथ थाना कोतवाली पहुंचे और उन्होंने पुलिस से बात कर आरोपी को गिरफ्तार कराया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हिंदू, हिंदुत्व के लिए काम कर रहा संगठनः प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र

- हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की एक बैठक नगर के पुराना रोड स्थित एक पैलेस में हुई। जिसमें संगठन के विस्तार एवं हिंदू समाज की एकजुट पर चर्चा की गई।

इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कहा कि उनका संगठन हिंदू, हिंदुत्व की रक्षा के लिए काम कर रहा है। संगठन के द्वारा मठ, मंदिरों की सुरक्षा और सोए हुए हिंदुओं को जगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ता गो सेवा, हिंदुत्व सेवा के साथ ही हिंदू समाज से जुड़े तमाम ऐसे कार्य कर रहे हैं। जिनकी हिंदू समाज के लोग साधना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज समय है कि हिंदू समाज के लोगों को जागरुक होकर अपने समाज को जगाने एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए बहू बेटियों को अपने धार्मिक ग्रन्थ के बारे में बताना चाहिए। क्योंकि आज पूरे देश में हिंदू विरोधी ताकते सक्रिय होकर हिंदू हिंदू धर्म को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने सनातन धर्म के लोगों से जागरूक होकर जातीय भेदभाव को दूर कर एकजुट होने का आवाहन किया। प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित ने भी बैठक में आए हिंदू समाज के लोगों से एकता और एकजुटता की बात कही। पुवाया तहसील प्रभारी शोभित जोशी एवं तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी ने बैठक में आए अतिथियों का राम नाम का पटका पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात बंडा नगर एवं ब्लॉक की कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। इस मौके पर बैठक में जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष वैभव यादव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार, नगर अध्यक्ष आयुष गुप्ता, दिव्यांशु त्रिवेदी, अभिषेक द्विवेदी, विशाल शुक्ला, सजल शुक्ला, उदय सिंह, अनुराग कुमार, रजनीश कुमार, रवि कनौजिया, सचिन गिहार, ऋतिक वर्मा, रजनीश वर्मा, कुलदीप राठौर, हरिओम राठौर, हर्ष यादव, आकाश दीप मिश्रा, साहिल गिहार, प्रतीक सिंह, प्रीतम सिंहसचिन कुमार, महेश कुमार, प्रदीप शर्मा, संदीप कुमार, अमित यादव, सर्वेश कुमार, सूरज राठौर, शिवा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### गौ सेवा करने वालों को किया सम्मानित

**बंडा।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने गौ सेवा का कार्य करने वाले संगठन के गौ सेवकों को प्रमाण पत्र देकर एवं राम नाम का पटका पहनाकर उनको सम्मानित किया और आगे भी इसी तरह से गौ सेवा में रुचि रखने वाले संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित करने की बात कही।



सूचना

मैं न. 15791681X NK Mukesh Kumar निवासी चककन्हऊ पुवायां शाहजहांपुर(UP), अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पिता जी का नाम RAM BHAROSEY LAL से बदलकर RAM BHAROSE करवाना चाहता हूं।

# वित्तमंत्री ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार सुबह बारापुर गांव पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। सुबह करीब 8 बजे मंत्री के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए वृद्धा, विधवा महिलाओं सहित गरीब व असहाय पुरुषों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और खुशी देखने को मिली। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शासन की मंशा है कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए प्रशासन को लगातार सतर्क रहकर जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधान प्रतिनिधि रूपेश पांडे ने बताया जो लोग रहे गए थे उन्हें निजी खर्चे से 50 कंबल ठंड से बचने के लिए वितरण किए गए। कंबल वितरण के इस कार्य की ग्रामीणों ने खुले दिल से सराहना की। इस अवसर पर एडीएम अरविंद कुमार, एसडीएम संजय पांडे, तहसीलदार, प्रधान प्रतिनिधि रूपेश पांडे सहित ग्रामीण रामऔतार वर्मा, जयराम वर्मा, बृजेश कुमार, रामदीन वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पति की मृत्यु के बाद विधवा को घर से निकालने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव की एक विधवा महिला ने ससुरालीजनों पर पति की मृत्यु के बाद घर से निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव भूरखेड़ा निवासी रेशु शर्मा पत्नी स्वर्गीय विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु 2 वर्ष पूर्व हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद ससुरारी जनों का रवैया मेरे प्रति बदल गया और उन्होंने मुझे घर से निकाल दिया तथा मेरे दोनों बेटों 4 वर्षीय कार्तिक शर्मा तथा 6 वर्षीय हर्षित शर्मा को मेरे साथ नहीं आने दिया। जिसके बाद मैं मायके चली आई और अब जब मैं अपने बच्चों से मिलने ससुराल गई तो देवर रोहित शर्मा, सास प्यारी देवी तथा ससुर नेवाराम ने मुझे बच्चों से नहीं मिलने दिया तथा मेरे साथ मारपीट कर भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# माहिरा जहां को किया गया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल ओसीएफ शाहजहांपुर में वार्षिक समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कक्षा तीन की छात्रा माहिरा जहां को वार्षिक समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। माहिरा जहां ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने माहिरा जहां की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है और उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने अन्य छात्र-छात्राओं को भी माहिरा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वार्षिक समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य कार्यक्रम शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ-साथ कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी समारोह में शामिल हुए और बच्चों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# मम्मी-पापा स्टेशन पर छूटे, बच्चे ने दो बार ट्रेन से कूदने की कोशिश की

**रोजा, शाहजहांपुर।** चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस अपना निर्धारित समय से एक घंटा की देरी से शाहजहांपुर स्टेशन पहुंची 2 मिनट रुकने के बाद ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हो गई। अभी ट्रेन ने अपनी रफ्तार नहीं भर पाई थी। एक बालक ट्रेन से कूदने लगा यात्रियों ने शोर मचाया रुक गया कुछ देर बाद फिर कूदने की कोशिश की यात्रियों ने ट्रेन मैनेजर को बताया ट्रेन मैनेजर ने रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर स्टेशन मास्टर और रेलवे पुलिस को बताया ट्रेन मैनेजर ने बालक से पूछा बालक ने बताया मेरे मम्मी पापा शाहजहांपुर स्टेशन पर छूट गए हैं और रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया रेलवे पुलिस ने ट्रेन मैनेजर का वीडियो बनाकर बालक का वीडियो बनाया और उसके बाद ट्रेन को रवाना किया फिर दूसरी ट्रेन से बालक को शाहजहांपुर भेज दिया सब इंस्पेक्टर रेलवे पुलिस वीरभद्र ने बताया बच्चा घुमंतू जाति का था उसकी उसकी मां के पास भेज दिया गया जिस कारण ट्रेन 5 मिनट रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रुकी रहे स्टेशन मास्टर ने बताया ट्रेन में बालक छूट गया था जिसको रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोक कर उसकी मां के पास भेज दिया गया।

## बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में रोष

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सुबह के समय होने वाली बिजली कटौती से कस्बावासियों में रोष व्याप्त है। कस्बावासी विनोद कुमार, अरुण, पीयूष, वीरपाल वर्मा, विपिन वर्मा आदि ने बताया कि कस्बे में रोजाना सुबह सात बजे बिजली सप्लाई बन्द कर दी जाती है। खासकर नौकरीपेशा लोगों और छात्रों के लिए सुबह होने वाली कटौती बेहद कष्टदायक है। उपभोक्ताओं ने बताया कि कभी-कभी सात बजे से पहले ही रोस्टिंग हो जाती है। जिस कारण सुबह के समय अधिकांश घरों में पानी की अनुपलब्धता के कारण दिनचर्या लड़खड़ा जाती है।

# होटल में मोबाइल की चोरी, अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



बीती रात खुटार के तिकुनिया चौराहा गोला रोड स्थित राधा माधव रिसोर्ट में एक चोर के द्वारा मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया गया बाद में वहां पर काम करने वाले राजपाल पुत्र कमलेश के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि खुटार के तिकुनिया चौराहा गोला रोड स्थित राधा माधव रिजॉर्ट में वह वेटर का काम करता है। वह जनपद लखीमपुर के थाना खीरी के ग्राम सुन्शी का रहने वाला है। बीती रात समय करीब 11:30 बजे मैंने अपना फोन विवो 429 चार्जिंग पर लगाया था व किसी काम में लग गया। इतने में मौका पाकर एक अज्ञात चोर के द्वारा उसका मोबाइल चोरी कर लिया गया। चोरी का सारा घटनाक्रम रिसोर्ट में लगे कैमरे में साफ-साफ रिकॉर्ड हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> चोर की गाड़ी का नंबर भी निकला फर्जी सीसीटीवी फुटेज में चोर की गाड़ी का नंबर भी आ गया था जिसको बाद में चेक करने पर पता चला वह नंबर फर्जी है जोकि ट्रैक्टर का नंबर नंबर है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।
>
> – राजेंद्र रावत प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार

# हिस्ट्रीशीटर समेत चार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर के मोहल्ला कांकड़ निवासी नरगिस पत्नी सद्दन खां ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 12 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे उसके पति सद्दन राजनपुर रोड पर नबाव की बगिया के पास बकरी चराने गये थे। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाये मोहल्ला दिलाजक निवासी अकरम उर्फ छुट्टया पुत्र अख्तर खां उर्फ जागा व मुस्तीक उर्फ भीमा पुत्र लईक व राहिल व साहिल पुत्र मुस्तर उर्फ कल्लू ने गाली गलौज करते हुए लाठी डण्डे से मारा पीटा। शोर शराबा सुनकर गुजर रहे राहगीरो के दौडने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। एम्बोलेंस ने घायल पति को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरो ने उसके पति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अकरम उर्फ छुटैया हिस्ट्रीसीटर है। जिस पर तमाम मुकदमे दर्ज है। किनसे जान व माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपियों का शांति भंगबमे चलन कर दिया है।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शिक्षकों ने किया प्रतिभाग

**पुवायां शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को संस्कृति-ज्ञान परीक्षा का एक विशेष आयोजन किया गया। यह परीक्षा कॉलेज के सभी आचार्यों के लिए आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य अध्यापन कार्य से जुड़े लोगों के ज्ञान, चिंतन और भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी समझ को और अधिक मजबूत करना था। परीक्षा कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र की देखरेख में अत्यंत व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रधानाचार्य ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आचार्य ही छात्रों के पथ प्रदर्शक हैं। उनका स्वयं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। यह परीक्षा एक माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने आचार्यों को निरंतर सीखने और अपनी विरासत को गहराई से समझने के लिए प्रेरित करते है। परीक्षा में सभी आचार्यों की सक्रिय सहभागिता रही। शिक्षकों ने उत्साह के साथ परीक्षा में हिस्सा लिया। जिसमें भारतीय इतिहास, दर्शन, जीवन मूल्य और समसामयिक सांस्कृतिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। आचार्यों ने बताया कि यह परीक्षा उनके लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि उन्हें अपने अध्यापन को और अधिक प्रभावी बनाने की नई दृष्टि भी दी।

## कम्बाइन स्वामी पर रुपए न देने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव बिलसिया दौलतपुर निवासी विमलेश यादव पुत्र जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सीजन पर कम्बाइन पर काम करता है ओर उसको गांव गंगसरा के आकिल ने थाना बण्डा क्षेत्र के गांव लुकमानपुर महेश निवासी एक कम्बाइन स्वामी से बात कराई थी की इस सीजन मेरी कम्बाइन पर काम करो ओर तुम्हे रुपए काम समाप्त होने के बाद दे देंगे। उसके बाद में कम्बाइन पर कटाई का काम करने चला गया। कटाई का काम समाप्त करने के बाद कम्बाइन स्वामी पर 45000 रुपए हो गए। करीब पांच माह हो गए कम्बाइन स्वामी ने अभी तक रुपए नही दिए।

# एस.के. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पिकनिक में खूब की मौज-मस्ती

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम संडा खास के पास स्थित प्रसिद्ध एस. के. पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए पिकनिक का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। पिकनिक के लिए सभी बच्चों को स्कूल बस द्वारा नगर के टाउन हॉल स्थित शहीद पार्क ले जाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने बच्चों को ÷हैप्पी जर्नी, सेफ जर्नी÷ कहकर विदा किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राओं से बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है, उन्हें नई जगहों की जानकारी मिलती है तथा वे नई-नई चीजों से परिचित होते हैं। पार्क में पहुंचते ही बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चों ने घंटों मौज-मस्ती की। पिकनिक का मुख्य आकर्षण पार्क में स्थित टॉय ट्रेन रही, जिसमें सवारी कर बच्चे बेहद आनंदित हुए। इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न झूलों पर झूलकर, फुटबॉल सहित अन्य खेल खेलकर खूब आनंद लिया। शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को कई गीतों पर नृत्य भी करवाया गया। वापसी के दौरान सभी बच्चों को जलपान कराया गया। पिकनिक के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# यादगार व उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक संध्या के साथ इम्पल्स 4.0 का समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव इम्पल्स 4.0 का समापन एक यादगार और उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ। एमबीबीएस बैच 2022 के छात्रों द्वारा आयोजित इवेंट में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वालों में मुख्य अतिथि डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और उनकी पत्नी एकता सिंह, नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा और उनकी पत्नी, साथ ही आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा. पीक अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इन सभी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार ने डीएम एवं नगर आयुक्त का स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मान किया एवं चिकित्सा महाविद्यालय में अपने व्यस्ततम कार्य से समय निकाल का सभी डॉक्टरों का उत्साहवर्धन करने कि लिए आभार व्यक्त किया।

**फैशन एक्ट बना मुख्य आकर्षण:** सांस्कृतिक संध्या का सबसे बड़ा आकर्षण बैच 2022 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत थीम-आधारित फैशन एक्ट रहा। छात्रों ने मिस्र के देवता बनाम यूनानी देवता की थीम को अपने परिधानों और प्रदर्शन से बेहद प्रभावशाली तरीके से जीवंत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**संगीत और कला का शानदार प्रदर्शन गायन एवं नृत्य:** छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई शानदार गायन और नृत्य प्रस्तुतियाँ दी,जो उच्च गुणवत्ता की थीं। संगीत नाटक स्किट बैच 2024 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत संगीत नाटक को भी दर्शकों और समीक्षकों की विशेष सराहना प्राप्त हुई। प्राचार्य डा. राजेश कुमार एवं अन्य संकाय सदस्यों ने बैच 2022 के विद्यार्थियों की इस वर्ष के महोत्सव के उत्कृष्ट आयोजन हेतु भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस प्रकार इम्पल्स 4.0 का समापन हर्षोल्लास, ऊर्जा और सुनहरी यादों के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथियों सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# बाबूजी की 17वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व विधायक ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ ललुआ बाबू के पुत्र अनिल कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू बाबू की आज 17वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अभिषेक गुप्ता उर्फ राजा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अभिषेक गुप्ता ने पिताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ ललुआ बाबूजी के पौत्र अभिषेक गुप्ता उर्फ राजा अपने पिताजी की पुण्यतिथि हर वर्ष छोटे बच्चों के साथ मनाते हैं। आज भी गुड्डू बाबू की पुण्यतिथि पर अभिषेक गुप्ता ने छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप ट्रॉफी बिस्कुट चॉकलेट भेंट किये। अभिषेक गुप्ता के पिताजी अनिल कुमार गुप्ता को छोटे बच्चों से बहुत अधिक लगाव था। इसीलिए अभिषेक गुप्ता हर वर्ष अपने पिताजी की पुण्यतिथि छोटे बच्चों के साथ मनाते हैं।

# अब फेसबुक-इंस्टाग्राम की हर समस्या का होगा समाधान

**शाहजहांपुर।** शहर के ब्रदर इन होटल में उत्तराखंड के हरिद्वार से पधारे फेसबुक एवं इंस्टाग्राम विशेषज्ञ अजीत मिश्रा ने फेसबुक और इंस्टाग्राम यूजरों को सोशल मीडिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि कई बार बिना किसी गलती के फेसबुक एवं इंस्टाग्राम की सेटिंग्स में तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जिससे यूजर परेशान हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हर समस्या का समाधान संभव है। अजीत मिश्रा ने कहा कि चाहे समस्या के समाधान में एक या दो सप्ताह का समय लगे, लेकिन सही तरीके से प्रयास करने पर अकाउंट और सेटिंग्स से जुड़ी दिक्कतें दूर हो जाती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उन्होंने फेसबुक एवं इंस्टाग्राम के सुरक्षित और सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी को अपना संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो निःसंकोच संपर्क करें और सोशल मीडिया से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा पाएं। कार्यक्रम के अंत में श्री मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिवाकर सिंह पंकज, अजीत सिंह, विक्रम सिंह, विनीता गुप्ता, विधायक मिश्रा, अमित सहाना, गोविन्द अवस्थी, शुभम श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, विवेक मिश्रा, रमाशंकर दीक्षित, मालती राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कलान में डॉ. के.पी.गुप्ता ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




कलान कस्बे में डॉक्टर के पी गुप्ता वरिष्ठ सर्जन ने सराहनीय मानवीय पहल के तहत स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। दोपहर 2 बजे से शाम 05:30 बजे तक चले इस शिविर में करीब 110 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा चिकित्सकों की सलाह के अनुसार आवश्यक दवाएं भी प्राप्त कीं। शिविर में बुजुर्गों, महिलाओं और जरूरतमंदों की विशेष रूप से भागीदारी देखने को मिली। चिकित्सकीय टीम ने न केवल रोगों की जांच की, बल्कि मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। लोगों ने इस शिविर को अपने लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

शिविर के अंत में कलान नगर पंचायत के चेयरमैन हर नारायण गुप्ता ने उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके उपरांत उन्होंने सेवा भावना से जुड़े आयोजकों को अपने आवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया, जो उनके संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस स्वास्थ्य शिविर ने यह साबित कर दिया कि जब जनप्रतिनिधि और समाजसेवी एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो जनकल्याण की सच्ची तस्वीर सामने आती है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और शिविर आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

# जलालाबाद मण्डी में धान क्रय केंद्रों पर सन्नाटा, लेकिन खरीद में तेजी

> जलालाबाद मंडी में न किसान न धान, सेंटर पर खरीद चौकस

**शाहजहांपुर, जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मंडी समिति परिसर में लगाए गए धान क्रय केंद्रों पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहता है जबकि कागजों में शाम पांच बजे तक सभी केंद्रों पर 600 कुंतल धान की खरीद दर्शा दी जाती है। हकीकत में किसान क्रय केंद्रों तक नहीं पहुंच रहे हैं, इसके बावजूद खरीद का आंकड़ा पूरा दिखाया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि क्रय केंद्रों पर उनकी बजाय व्यापारियों से धान की खरीद दर्शाकर फर्जी एंट्री की जा रही है। दिनभर केंद्रों पर न तो तौल होती दिखाई देती है और न ही किसानों की मौजूदगी रहती है, लेकिन शाम होते-होते खरीद का लक्ष्य पूरा कर लिया जाता है। सूत्रों के अनुसार मंडी समिति में संचालित कई क्रय केंद्रों पर नियमों को ताक पर रखकर कागजी खरीद दिखाई जा रही है। इससे वास्तविक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन की ओर से फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## सवाल पूछना एआई के दौर में आसान

आप में से कई लोगों ने अपने बच्चों से यह जरूर पूछा होगा कि क्या तुम झूठ बोल रहे हो? ऐसे में सजा के डर से बच्चा यही कहेगा कि नहीं। लेकिन अगर आप उन पैरेंट्स में से हैं, जिन्होंने बच्चे के बड़े होने तक के 18 सालों में यह सवाल सैकड़ों बार दोहराया है, तो आपने सवाल पूछने की कला नहीं सीखी है। अब मैं देख सकता हूं कि आपका मन बेचैनी और जिज्ञासा से भरा हुआ है और आप जानना चाहते हैं कि अगर बच्चों से यह नहीं तो फिर क्या कहा जाए? जरा सब्र कीजिए, बताता हूं। लेकिन उससे पहले यह कहानी सुन लीजिए। एक राजा था, जिसके पास तमाम सुख-सुविधाएं थीं, लेकिन एक बड़ा दुख भी था। उसका बेटा महज चार साल की उम्र में अंधा हो गया था। जहां उसका पूरा राज्य राजकुमार की आंखों की रोशनी लौटाने के उपाय खोजने में जुटा था, वहीं राजा, उसका परिवार और उसके गुरुओं ने राजकुमार को सिखाया था कि बुद्धिमानी से प्रश्न कैसे पूछे जाएं, ताकि वह विद्वानों से ज्यादा से ज्यादा ज्ञान प्राप्त कर सके। समय के साथ राजकुमार का झुकाव अध्यात्म की ओर हो गया। उसकी कठोर तपस्या के कारण एक दिन स्वयं भगवान उसके सामने प्रकट हुए और उससे कहा कि वे उसे एक वरदान दे सकते हैं। क्या आप अनुमान लगा सकते हैं राजकुमार ने भगवान से क्या मांगा होगा? आम तौर पर इंसान वही मांगता है, जो दूसरों की तुलना में उसके पास नहीं होता। इसलिए अगर आपको लगता है कि राजकुमार ने अपने लिए आंखों की रोशनी मांगी होगी, तो आप गलत हैं। उसने कहा, मैं इस राज्य में अपने परपोते तक के राज्याभिषेक को भी अपनी आंखों से देखने में सक्षम होना चाहता हूं। उसके प्रश्न पूछने के तरीके पर ध्यान दीजिए। एक ही वाक्य में उसने लंबा जीवन मांग लिया- इतना कि अपने परपोते के राज्याभिषेक तक जीवित रह सकेय उसने अपनी खोई हुई दृष्टि मांग ली, क्योंकि वह सभी राज्याभिषेक समारोहों को अपनी आंखों से देखना चाहता था य उसने आक्रांताओं से अपने राज्य और प्रजा की सुरक्षा मांग लीय उसने अपने राज्याभिषेक, विवाह और परिवार की भी मांग कर ली और भगवान ने उसे सब दिया। चूंकि हम सब उन्हीं सवालों के उत्तर देते हुए बड़े हुए हैं, जो शिक्षकों ने हमसे पूछे थे, इसलिए बच्चों के मन में यह धारणा बन जाती है कि प्रश्न पूछना उनका काम नहीं है। नतीजतन, वे अपने पैरेंट्स की मदद से स्वयं को बेहतर उत्तर देने के लिए प्रशिक्षित करते हैं, ताकि अच्छे नतीजे पा सकें। लेकिन प्रश्न पूछना इसलिए एक कला है, क्योंकि यह सिर्फ जानकारी जुटाना ही नहीं, बल्कि यह रणनीतिक पूछताछ का कौशल भी है। इसका उद्देश्य गहराई से चिंतन को प्रेरित करना, समझ विकसित करना और जिज्ञासा व सोच-समझकर की गई फ्रेमिंग के जरिए एक जुड़ाव पैदा करना है। यह साधारण 'क्या' से बढ़कर 'कैसे' और फिर 'अगर ऐसा हो तो क्या' जैसे प्रश्नों तक जाता है, ताकि हमें अंतर्दृष्टि मिलें और हम अपने भीतर व दूसरों में विकास को प्रोत्साहित कर सकें। इस कला में निपुण होने के लिए सच्ची जिज्ञासा, ध्यान से सुनने की क्षमता, खुले प्रश्नों पर ध्यान देना, जजमेंट देने से बचना और गहरे मनन व अनुसंधान को संभव बनाने के लिए मौन को भी जगह देना आवश्यक है। चूंकि हम एआई के युग में रह रहे हैं, इसलिए आज सही प्रॉम्प्ट बेहद महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि वही एआई के आउटपुट की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और सटीकता तय करता है।

# कार्य स्थल पर तनाव का बढ़ता संकट

- डॉ प्रियंका सौरभ



**कार्य-जीवन संतुलन इस बिल की दूसरी सबसे बड़ी उपलब्धि हो सकती है। भारत की युवा कार्यशक्ति अत्यधिक महत्वाकांक्षी है, परंतु अनियंत्रित कार्य-समय उसके व्यक्तिगत विकास, सामाजिक संबंधों और शारीरिक स्वास्थ्य को क्षति पहुँचा रहा है। 'राइट टू डिसकनेक्ट' कर्मचारियों को यह सुरक्षा देता है कि उनके पास अपने लिए सुरक्षित समय होगा, जो किसी भी आधुनिक समाज की उत्पादक क्षमता के लिए बुनियादी शर्त है। विश्राम पाकर कर्मचारी केवल खुश नहीं होते बल्कि अधिक रचनात्मक, अधिक सतर्क और अधिक उत्पादक भी बनते हैं। भारत की कार्य-संस्कृति स्वभावतः विविध है- बड़ी कंपनियों से लेकर छोटे स्टार्टअप, औपचारिक क्षेत्रों से लेकर लाखों अनौपचारिक और गिग वर्कर तक-सभी की कार्य-जरूरतें अलग-अलग हैं। एक समान नियम सभी क्षेत्रों पर लागू करना व्यवहारिक चुनौती बन सकता है।**

भारत जिस तेज़ी से डिजिटल कार्य-संस्कृति की ओर बढ़ा है, उतनी ही तेज़ी से कर्मचारियों पर कार्य-संबंधी तनाव का बोझ भी बढ़ा है। स्मार्टफोन, ईमेल, टीम कम्युनिकेशन ऐप्स और वर्क-फ्रॉम-होम मॉडल ने कार्य और निजी जीवन की रेखा लगभग मिटा दी है। इसी संदर्भ में प्रस्तावित 'राइट टू डिसकनेक्ट बिल, 2025' न केवल कानूनी प्रयास है, बल्कि आधुनिक कार्य-संस्कृति के लिए भावी नैतिक व्यवस्था भी। इस बिल का मूल उद्देश्य सरल है- कर्मचारी को उसके कार्य समय के बाद डिजिटल तरीकों से काम से जोड़ने की बाध्यता को सीमित करना। किन्तु भारत जैसा विशाल, विविध और प्रतिस्पर्धी श्रम-परिदृश्य इस अधिकार के वास्तविक क्रियान्वयन को जटिल बनाता है।

दरअसल, आज की कार्यशैली 'ऑलवेज ऑन' मानसिकता पर आधारित है, जहाँ यह मान लिया जाता है कि कर्मचारी हमेशा उपलब्ध रहेंगे। पहले काम कार्यालय के दरवाज़े पर रुक जाता था; अब काम जेब में रखा मोबाइल बन गया है- हर पल साथ, हर पल सक्रिय। इस मनोवैज्ञानिक दबाव ने कर्मचारियों के तनाव स्तर, नींद की गुणवत्ता, पारिवारिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कई अंतरराष्ट्रीय सर्वे बताते हैं कि लगातार डिजिटल उपलब्धता से बर्नआउट की दर तेज़ी से बढ़ती है और भारत जैसे देशों में यह प्रभाव अधिक तीव्र दिखाई देता है क्योंकि यहाँ कार्य-संस्कृति में 'अधिक काम करना' अक्सर 'अच्छा कर्मचारी' होने का पर्याय मान लिया गया है। राइट टू डिसकनेक्ट इसी असंतुलन को सुधारने का नैतिक और कानूनी प्रयास है।

यह बिल कर्मचारियों को यह अधिकार देता है कि वे निर्धारित कार्य समय के बाद ईमेल, संदेश या कॉल का उत्तर देने के लिए बाध्य न हों। यह अवधारणा कई यूरोपीय देशों में कानूनी हकीकत बन चुकी है और इससे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं- उच्च उत्पादकता, संतुलित मानसिक स्वास्थ्य और कम कर्मचारी पलायन। भारत में भी यह कदम कर्मचारी कल्याण के लिए महत्वपूर्ण आधार बना सकता है।

इस अधिकार का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा है। लगातार जुड़े रहने से मस्तिष्क को विश्राम नहीं मिल पाता, जिससे तनाव हार्मोन लगातार सक्रिय रहते हैं। अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि डिजिटल अधिभार के कारण नींद की गुणवत्ता घटती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और दीर्घकालीन स्वास्थ्य जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं। भारत के आईटी और बीपीओ क्षेत्र में विशेष रूप से यह समस्या गहरी है, जहाँ समय-क्षेत्र (टाइम जोन) आधारित काम की प्रकृति के कारण कर्मचारी अक्सर देर रात तक उपलब्ध रहने को मजबूर होते हैं। यदि इस बिल को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तो यह मानसिक शांति, व्यक्तिगत समय और पारिवारिक जीवन को संरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

कार्य-जीवन संतुलन इस बिल की दूसरी सबसे बड़ी उपलब्धि हो सकती है। भारत की युवा कार्यशक्ति अत्यधिक महत्वाकांक्षी है, परंतु अनियंत्रित कार्य-समय उसके व्यक्तिगत विकास, सामाजिक संबंधों और शारीरिक स्वास्थ्य को क्षति पहुँचा रहा है। 'राइट टू डिसकनेक्ट' कर्मचारियों को यह सुरक्षा देता है कि उनके पास अपने लिए सुरक्षित समय होगा, जो किसी भी आधुनिक समाज की उत्पादक क्षमता के लिए बुनियादी शर्त है। विश्राम पाकर कर्मचारी केवल खुश नहीं होते बल्कि अधिक रचनात्मक, अधिक सतर्क और अधिक उत्पादक भी बनते हैं।

कानूनी दृष्टि से यह बिल एक महत्वपूर्ण शून्य को भरता है। भारत के मौजूदा श्रम कानून अभी तक डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं। इस बिल के लागू होने से एक औपचारिक ढाँचा तैयार होगा, जिसमें यह स्पष्ट हो पाएगा कि नियोक्ता की अपेक्षाएँ कार्य-समय के बाहर कितनी वैध हैं। इससे श्रमिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी और कार्यस्थलीय शोषण की कई अनदेखी समस्याओं पर अंकुश लगेगा। हालाँकि, इस बिल की राह उतनी आसान नहीं है जितनी नज़र आती है।

भारत की कार्य-संस्कृति स्वभावतः विविध है- बड़ी कंपनियों से लेकर छोटे स्टार्टअप, औपचारिक क्षेत्रों से लेकर लाखों अनौपचारिक और गिग वर्कर तक-सभी की कार्य-जरूरतें अलग-अलग हैं। एक समान नियम सभी क्षेत्रों पर लागू करना व्यवहारिक चुनौती बन सकता है। विशेषकर लघु व मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) में, जहाँ कर्मचारियों की संख्या कम और कार्य का बोझ अधिक होता है, बिल को लागू करना नियोक्ता के लिए कठिन हो सकता है। सबसे बड़ी जटिलता भारत के आईटी क्षेत्र में उभरती है, जहाँ अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के कारण समय-सीमाएँ वैश्विक होती हैं। काम का स्वभाव ही ऐसा है कि कई बार कर्मचारियों को नियमित कार्य-समय से बाहर मीटिंग या ईमेल का उत्तर देना आवश्यक होता है। इसी तरह, पत्रकारिता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ, परिवहन और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में 24X7 उपलब्धता नौकरी का मूल हिस्सा है। इन स्थितियों में 'राइट टू डिसकनेक्ट' का शत-प्रतिशत अनुपालन संभव नहीं है। इसलिए यह बिल तभी प्रभावी होगा जब इसे लचीले क्षेत्र-विशिष्ट दिशा-निर्देशों के साथ लागू किया जाए। एक अन्य चुनौती भारतीय कॉर्पोरेट संस्कृति में निहित है- यहाँ कर्मचारी का मूल्यांकन अक्सर उसकी उपलब्धता से जोड़ा जाता है। कई कर्मचारी आशंका में रहते हैं कि वे यदि ऑफ-ड्यूटी संदेशों या कॉल का उत्तर नहीं देंगे तो उनकी छवि खराब होगी या करियर प्रभावित होगा। यह समस्या भय और दबाव की संस्कृति को जन्म देती है, जिसे बदलने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं; बल्कि मानसिकता में दीर्घकालीन बदलाव आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी दृष्टि से यह भी चुनौतीपूर्ण है कि नियोक्ता किस हद तक कर्मचारियों के डिजिटल उपकरणों की निगरानी कर सकते हैं। यदि कंपनियाँ निगरानी बढ़ाती हैं तो यह निजता के अधिकार का उल्लंघन कर सकती है। इसलिए बिल के साथ डिजिटल गोपनीयता के स्पष्ट मानक भी अनिवार्य होंगे।

## विचार

# नए भारत के बढ़ते कदमों के पीछे वैचारिक प्रबुद्धता

संजीव ठाकुर



**1951 से आरंभ पंचवर्षीय योजनाओं ने जिस नियोजनशील दृष्टि को जन्म दिया, 1991 के आर्थिक सुधारों ने उसे वैश्विक पंख दिए और नीति आयोग ने उसे नवाचार व प्रतिस्पर्धा की नई दिशा प्रदान की, अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का यह कथन कि ÷विकास का अंतिम उद्देश्य मानव स्वतंत्रता का विस्तार है, भारत की विकास यात्रा में सजीव होता दिखाई देता है, विशाल जनसंख्या जिसे कभी बोझ कहा जाता था आज वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है, स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहा था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत, और भारत की युवा शक्ति आज इसी मंत्र को वैश्विक मंच पर चरितार्थ कर रही है, आईटी, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप संस्कृति में भारत की छलांग यह प्रमाणित करती है ।**

यह भारत के बढ़ते कद के नेपथ्य में कुशल नेतृत्व, सामूहिक चेतना और प्रगतिशील विचारों की उस दीर्घ साधना का फल है, जिसकी जड़ें इतिहास में हैं और शाखाएँ भविष्य तक फैली हुई हैं, भारत आज विश्व-पटल पर केवल एक उभरती शक्ति नहीं बल्कि एक ऐसी निर्णायक उपस्थिति बन चुका है। जिसे अनदेखा करना किसी भी राष्ट्र के लिए संभव नहीं रहा, यह काल किसी एक सरकार, एक व्यक्ति या एक विचारधारा का नहीं बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का है जो सदियों के आत्मसंघर्ष, आत्मचिंतन और आत्मबल से परिपक्व हुई है, मैं स्वयं को किसी राजनीतिक दल का समर्थक नहीं मानता, किंतु यह तथ्य निर्विवाद है कि आज भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा, कूटनीतिक प्रभाव और आत्मविश्वास ऐतिहासिक ऊँचाइयों को छू रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में भारतीय प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का आँकड़ा किसी व्यक्ति की प्रशंसा भर नहीं बल्कि उस विश्वास का प्रमाण है जो विश्व समुदाय भारत की स्थिरता, लोकतांत्रिक परिपक्वता और विकास-दृष्टि पर कर रहा है, महात्मा गांधी ने कहा था कि ÷राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसकी आत्मा से होती है,÷ और आज भारत की आत्मा विज्ञान, तकनीक, करुणा, सहअस्तित्व और नवाचार के संतुलन से आलोकित दिखाई देती है, डिजिटल इंडिया के माध्यम से जिस प्रकार भारत ने तकनीक को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाया है वह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं बल्कि लोकतंत्र के विस्तार की ऐतिहासिक घटना है, विश्व बैंक, आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भारत को विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बताया जाना इस बात का संकेत है कि भारत अब सीखने वाला नहीं बल्कि मार्ग दिखाने वाला राष्ट्र बन चुका है, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता के समय कहा था कि हम नियति से साक्षात्कार कर रहे हैं, और आज वह साक्षात्कार एक नए रूप में हमारे सामने खड़ा है, 1951 से आरंभ पंचवर्षीय योजनाओं ने जिस नियोजनशील दृष्टि को जन्म दिया, 1991 के आर्थिक सुधारों ने उसे वैश्विक पंख दिए और नीति आयोग ने उसे नवाचार व प्रतिस्पर्धा की नई दिशा प्रदान की, अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का यह कथन कि ÷विकास का अंतिम उद्देश्य मानव स्वतंत्रता का विस्तार है, भारत की विकास यात्रा में सजीव होता दिखाई देता है, विशाल जनसंख्या जिसे कभी बोझ कहा जाता था आज वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है, स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहा था कि ÷उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत,÷ और भारत की युवा शक्ति आज इसी मंत्र को वैश्विक मंच पर चरितार्थ कर रही है, आईटी, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप संस्कृति में भारत की छलांग यह प्रमाणित करती है कि यह देश केवल संसाधनों का उपभोक्ता नहीं बल्कि विचारों का उत्पादक बन चुका है, सुंदर पिचाई, सत्य नडेला, इंदिरा नूई, अरविंद कृष्णा जैसे वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारतीय मस्तिष्क की उसी परंपरा के वाहक हैं जिसे आचार्य चाणक्य ने नीति और विवेक का आधार बताया था, उद्योग जगत में टाटा, अंबानी और मित्तल जैसे नाम यह सिद्ध करते हैं कि भारतीय उद्यमिता अब आत्मविश्वास के साथ विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रही है, रतन टाटा1951 से आरंभ पंचवर्षीय योजनाओं ने जिस नियोजनशील दृष्टि को जन्म दिया, 1991 के आर्थिक सुधारों ने उसे वैश्विक पंख दिए और नीति आयोग ने उसे नवाचार व प्रतिस्पर्धा की नई दिशा प्रदान की, अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का यह कथन कि विकास का अंतिम उद्देश्य मानव स्वतंत्रता का विस्तार है, भारत की विकास यात्रा में सजीव होता दिखाई देता है, विशाल जनसंख्या जिसे कभी बोझ कहा जाता था आज वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है, स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहा था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत, और भारत की युवा शक्ति आज इसी मंत्र को वैश्विक मंच पर चरितार्थ कर रही है, आईटी, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप संस्कृति में भारत की छलांग यह प्रमाणित करती है कि यह देश केवल संसाधनों का उपभोक्ता नहीं बल्कि विचारों का उत्पादक बन चुका है, के शब्दों में जोखिम उठाए बिना प्रगति असंभव है, और भारत ने अब जोखिम से भय नहीं बल्कि अवसर का निर्माण करना सीख लिया है।

## लौहपुरुष सरदार पटेल और एकीकृत भारत की नींव

योगेश कुमार गोयल


राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद के किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष 'सरदार पटेल स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

देश के पहले गृहमंत्री और प्रथम उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा। सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधीजी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं।

एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा-सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा। जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका।

बेटे की एकाग्रता और तन्मयता देख कर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया। वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन् 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी. जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विठ्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी। सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी।

अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इन्कार कर दिया।



# राशिफल

**मेषः**- अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**बृषभः**- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः**- संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**ककः**- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः**- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**कन्याः**- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः**- कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी।

**मकरः**- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी।

**कुंभः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः**- नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# अजूबों की समृद्ध विरासत भी है तूतनखामन के देश में

**पैरिस का लूव्र म्यूजियम अब दूसरे नंबर पर आ गया। मेरे जैसे दर्शकों के लिए सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली जगह रही है, ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम। इनमें से आधे से ज्यादा चीजेंकृजिनमें मंदिर, ताबूत, सिंहासन और रथ शामिल हैं, पहले कभी दिखाई नहीं गई। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफइजिप्टोलॉजिस्ट्स के प्रेसिडेंट तारेक तौफिक्र ने यहां आने से पहले मेल पर बताया था, 'मेरा आइडिया था कि पूरा मकबरा दिखाया जाए, जिसका मतलब है कि स्टोरेज में कुछ भी नहीं रहेगा, दूसरे म्यूजियम में कुछ भी नहीं रहेगा, और आपको पूरा अनुभव मिलेगा, जैसा हॉवर्ड कार्टर को सौ साल पहले मिला था।' उन्होंने कार्टर का जिक्र किया, जो ब्रिटिश इजिप्टोलॉजिस्ट थे, और जिन्होंने 1922 में तूतनखामुन का सही-सलामत मकबरा खोजा था। यहां दूसरी खास बातों में एक बड़ा एट्रियम है।**

मिस्र जाना लगभग साल भर से टल रहा था। वहां जाने की सबसे बड़ी वजह तूतनखामन के मकबरे में दफन दुर्लभ वस्तुओं को देखना था। कैरो में ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम, जो लगभग 25 साल से बन रहा था, काफी देरी के बाद आखिरकार आम लोगों के लिए खुल गया। एक नवंबर 2025 को, विजिटर्स पहली बार म्यूजियम की 968,000 स्क्वेयर फीट की पूरी जगह देख पाए। यह 80,000 स्क्वेयर फीट की गैलरी है, जिसमें राजा तूतनखामन के मकबरे की सभी 5,600 दफ्न चीजें रखी हैं। इसकी ओपनिंग के कोई तीन हफ्ते बाद, मैं उस म्यूजियम में था। म्यूजियम के प्लान 1992 में अनाउंस किए गए थे, लेकिन निर्माण 2002 में शुरू हुआ था। आज गीजा स्थित 'ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम' दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है।

पैरिस का लूव्र म्यूजियम अब दूसरे नंबर पर आ गया। मेरे जैसे दर्शकों के लिए सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली जगह रही है, ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम। इनमें से आधे से ज्यादा चीजेंकृजिनमें मंदिर, ताबूत, सिंहासन और रथ शामिल हैं, पहले कभी दिखाई नहीं गई। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ इजिप्टोलॉजिस्ट्स के प्रेसिडेंट तारेक तौफिक्र ने यहां आने से पहले मेल पर बताया था, 'मेरा आइडिया था कि पूरा मकबरा दिखाया जाए, जिसका मतलब है कि स्टोरेज में कुछ भी नहीं रहेगा, दूसरे म्यूजियम में कुछ भी नहीं रहेगा, और आपको पूरा अनुभव मिलेगा, जैसा हॉवर्ड कार्टर को सौ साल पहले मिला था।' उन्होंने कार्टर का जिक्र किया, जो ब्रिटिश इजिप्टोलॉजिस्ट थे, और जिन्होंने 1922 में तूतनखामुन का सही-सलामत मकबरा खोजा था। यहां दूसरी खास बातों में एक बड़ा एट्रियम है, जिसमें रामसेस प्प् की 11 मीटर ऊंची मूर्ति है। उन 12 गैलरियों से गुजरने के वास्ते एक बड़ी स्वचालित सीढ़ी है, जिस पर चलते हुए मिस्र के कई राजवंशों की मूर्तियां और शिल्पकृतियों को आप निहार सकते हैं। सीढ़ी के सामने हॉल से विजिटर्स को एक विशाल पारदर्शी शीशे के पार गीजा के पिरामिड दिखते हैं। यहां पूरा दिन कम पड़ जाता है, और इस वास्ते 41 डॉलर देना अखरता नहीं। पैसा वसूल समझिये। लेकिन, इसकी खलिश रह जाती है, कि भारत ऐसा म्यूजियम क्यों नहीं बना सकता था? मिस्र के योजनाकारों की तरह 1।2 बिलियन डॉलर हम भी तो खर्च कर सकते थे। नई दिल्ली के नेशनल म्यूजियम में दो लाख से ज्यादा आर्टिफैक्ट्स का विशाल कलेक्शन है, जो 5,000 से ज्यादा वर्षों की विरासत को दिखाता है। इसमें आर्कियोलॉजी, आर्ट, अभिलेख, सिक्के और भी बहुत कुछ शामिल हैं, हालांकि किसी भी समय इसका छह-सात प्रतिशत ही दिखाया जाता है। गीजा के ग्रैंड म्यूजियम में इसके आधे ही पुरावशेष या शिल्पकृतियां हैं। और वह दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है।

लेकिन, क्या कैरो में ग्रैंड म्यूजियम ही सबकुछ है? गीजा के पिरामिड और स्फिंक्स प्राचीन मिस्र के वास्तुशिल्प चमत्कार हैं, जो फिरौन के मकबरों के रूप में मृत्यु के बाद जीवन में विश्वास, शाही शक्ति और दिव्य संरक्षण का प्रतीक हैं। स्फिंक्स को पिरामिडों का रक्षक माना जाता था। शक्ति और बुद्धि का संगम। ये अलग-अलग मुखाकृतियों के साथ दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, रहस्य-रोमांच बढ़ाते हैं। किंवदंती है, कि स्फिंक्स सामने वाले से सवाल करती थी, जवाब न मिलने पर उसे खा जाती थी। कुछ लोग यह भी मानते हैं, गीजा में स्थित एक विशाल चूना पत्थर की लेटी हुई स्फिंक्स की प्रतिमा संभवतः राजा खफ्रे( लगभग 2575-2465 ईसा पूर्व ) के शासनकाल की है, और इसमें उनका चेहरा दर्शाया गया है। लेकिन, बहुत से लोग इसे महिला का चेहरा मानते हैं। गीजा का ग्रेट स्फिंक्स विश्व की सबसे विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसकी लंबाई लगभग 240 फीट (73 मीटर) और ऊंचाई 66 फीट (20 मीटर) है। इसमें शेर का शरीर, और मानव सिर है, जो शाही मुकुट से सुशोभित है। यह प्रतिमा चूना पत्थर के एक ही टुकड़े से तराशी गई थी। अधिकांश विद्वान ग्रेट स्फिंक्स को चौथे राजवंश का मानते हैं, और इसका स्वामित्व खफ्रेको देते हैं। मिस्र के पिरामिड को विश्व के सात अजूबों में शामिल किया गया है। मेम्फिस क्षेत्र के प्राचीन खंडहर, जिनमें गीजा, सक्कारा, दहशूर , अबू रुवैश और अबू सीर के पिरामिड शामिल हैं, को सामूहिक रूप से 1979 में यूनेस्को विश्व विरासत घोषित किया गया है। क्या आप जानते हैं कि मिस्र में 118 से ज्यादा पिरामिड हैं? गीजा में तो सिर्फ 10 हैं। ये इमारतें, प्राचीन मिस्र के राजाओं और रानियों के लिए बड़ी कब्रों के तौर पर बनाई गई थीं, जो मरने के बाद की जिंदगी, और उनके शान को बरकरार रखनेवाले विश्वास को दिखाती हैं। गीजा का ग्रेट पिरामिड लगभग 2580 ईसा पूर्व में फिरौन खुफूके लिए बनाया गया, यह मिस्र के पिरामिडों में सबसे बड़ा, और सबसे मशहूर है। यह 481 फीट ऊंचा खुफू पिरामिड प्राचीन दुनिया का एकमात्र बचा हुआ अजूबा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# अंतर्जनपदीय चोरों का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, पांच गिरफ्तार

▸ कब्जे से चोरी के गहने व तमंचा बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद बाराबंकी में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्वाट टीम एवं थाना जहाँगीराबाद की संयुक्त पुलिस टीम ने एक सक्रिय अन्तर्जनपदीय चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तो के कब्जे से 2 अवैध तमंचे (.12 बोर) व 3 जिंदा कारतूस, सोने-चांदी के जेवरात, पीतल के बर्तन,29 हजार रुपये नकद, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा चोरी में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार के पर्यवेक्षण मे मुनीमाबाद स्थित शराब ठेके के पास की गई।जिसमे पांच अभियुक्तो मनोज कुमार पुत्र स्व विद्याप्रसाद, निवासी अटवा, थाना जहाँगीराबाद,नीलू पुत्र विक्रम निवासी लखनापुर थाना महमूदाबाद सीतापुर,दयाराम पुत्र स्व पाटन निवासी अटहरा थाना घुंघेटर,उमेश उर्फ अभिषेक पुत्र प्यारेलाल निवासी अटहरा, थाना घुंघेटर,व रविन्द्र पुत्र बदलू, निवासी जाफरपुर थाना महमूदाबाद सीतापुर शामिल है।

### पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह के रूप में कार्य करते थे।गिरोह के सदस्य दिन के समय मोटरसाइकिल से सुनसान व ताला लगे मकानों की रेकी करते थे और रात के समय चिन्हित घरों में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।चोरी से प्राप्त नकदी व जेवरात को आपस में बांट लिया जाता था। अभियुक्तो ने थाना जहाँगीराबाद क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज, बल्लापुरवा मजरे अजगना तथा इल्मासगंज में हुई कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।इसके अतिरिक्त थाना फतेहपुर एवं मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रों में भी इनके द्वारा चोरी की वारदातें की गई थी।जिनके संबंध में पूर्व से अभियोग पंजीकृत है।

### अवैध हथियार बरामद, नए मुकदमे दर्ज

अभियुक्त मनोज कुमार व दयाराम के कब्जे से बरामद अवैध तमंचों के आधार पर थाना जहाँगीराबाद में आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे पंजीकृत किए गए हैं। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कई गंभीर धाराओं में दर्ज आपराधिक इतिहास पहले से मौजूद है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना जहाँगीराबाद पुलिस टीम एवं स्वाट टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरी टीम की सराहना करते हुए अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बाराबंकी के लाल ने जिले का किया नाम रोशन

▸ अंधेरे से रोशनी की ओर : 14 वर्षीय गोकुल वर्मा का राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में हुआ चयन



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिभा किसी दृष्टि की मोहताज नहीं होती–इस कथन को साकार कर दिखाया है हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र के जाफरपुर गांव के रहने वाले 14 वर्षीय गोकुल वर्मा, पुत्र बैजनाथ वर्मा, ने। गोकुल वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बतौर ऑलराउंडर हुआ है। बता दे की नागेश ट्रॉफी ब्लाइंड क्रिकेट टी 20 नेशनल टूर्नामेंट का यह आठवां संस्करण है।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (UPCAB) के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि इस टूनामेंट में देश की 29 राज्यों की टीमें भाग ले रही है। इन 29 टीमों को 6 ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्रप्रदेश को रखा गया है। इस नागेश ट्रॉफी नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टी 20 टूनामेंट के इस आठवे संस्करण के लिए उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है।

ग्रुप ए के लीग मैच 15 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई है।

बता दे की गोकुल वर्तमान में कक्षा 9 के छात्र हैं और कानपुर ब्लाइंड स्कूल में अध्ययनरत हैं। क्रिकेट में वह एक ऑलराउंडर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं–दाएं हाथ के बल्लेबाज़ और दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ के रूप में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

उन्होंने बताया कि चार वर्ष की आयु में बीमारी के कारण उनकी दृष्टि चली गई थी। जीवन की इस कठिन चुनौती के बावजूद उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। ब्लाइंड स्कूल में दाखिले के बाद उन्हें अपने खेल शिक्षक सुनील से ब्लाइंड क्रिकेट के बारे में जानकारी मिली। सुनील के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और विश्वास ने गोकुल के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारा और आज वही प्रशिक्षण उन्हें राष्ट्रीय मंच तक ले आया है। गोकुल की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे बाराबंकी जनपद और उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणा है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सपनों की उड़ान आँखों से नहीं, हौसले से होती है।

## खबरें एक नजर में

### जाम की समस्या कस्बे वासियों के लिए बनी आफत



▸ स्थानीय प्रशासन व उच्च अधिकारियों की उदासीनता से आए दिन जाम में जूझते हैं राहगीर व कस्बे वासी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ के मुरई बाग में दिनों दिन जाम की समस्या बढ़ती जा रही है सड़कों पर लंबी–लंबी बड़े–बड़े वाहनों की कतारों से राहगीर के साथ कस्बे वासी भी परेशान है विद्यालय आने जाने वाले विद्यार्थी भी जाम की समस्या से जूझते रहते हैं आए दिन हो रही घटनाओं से भी राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्रीय प्रशासन की अनदेखी के चलते मुराई बाग मुख्य चौराहे से सभी सड़कों पर लग रही वाहनों की क़तारों से दिनों दिन लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं रेलवे फाटक बंद होने के बाद कई घंटे लोग जाम में जूझते रहते हैं। मुराई बाग कस्बा इस समय जाम की समस्या से जूझ रहा है सैकड़ो की संख्या में गुजरने वाले वाहनों के चलते आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है रायबरेली सलोन ऊंचाहार व लालगंज की तरफ से आने वाले वाहन फतेहपुर जाने के लिए इसी मार्ग से गुजरते हैं हजारों की संख्या में वाहनों के आ जाने से घंटों जाम की स्थिति बन जाती है रेलवे फाटक बंद होने से राहगीर कई घंटे जाम में फंसे रहते हैं सबसे अधिक समस्या स्कूल आने वाले विद्यार्थी व अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को उठानी पड़ रही है कस्बावाषी सुधीर जायसवाल दिनेश मोदनवाल विजय प्रताप सुधीर आदि ने बताया कि दिनों दिन मुराई बाग में जाम की स्थिति बढ़ती जा रही है घंटों लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं व्यापार पूरी तरह से चौपट है रेलवे फाटक बंद होने से कई घंटे लोग जाम में जूझते रहते हैं हजारों की संख्या में रोज वाहन गुजरते हैं। क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा जाम से निपटने के लिए कोई प्रयास भी नहीं किये जा रहे हैं कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि वाहनों की संख्या अधिक होने के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है मुख्य चौराहे पर पुलिस व्यवस्था तैनात रहती है जिससे वाहनों को निकाला जा सके।

### शातिर चोर गिरफ्तार, सामान बरामद



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक, अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस उपाधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के नेतृत्त्व में थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा शातिर ऑटोलिफ्टर प्रदीप मौर्या पुत्र लाला राम निवासी ग्राम चन्दन पुरवा मजरा खगेशियामऊ थाना रामकोट जनपद सीतापुर को खगेशियामऊ मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त से मौके/निशानदेही से कुल 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेण्डर, सूरज बीडी 08 बण्डल, माचिस कूपन 04, पान बहार के कूपन 34, बंदरछाप तंबाकू के कूपन 14, कमाल पसंद कूपन 08, बुलबुल बीडी कूपन 17, राजश्री कूपन 45, नगद 900/– रूपये, एक अदद मोबाईल फोन पोको व घटना में प्रयुक्त 02 अदद लोहे की सरिया बरामद हुई हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि 11 दिसंबर की रात्रि में ग्राम खगेशियामऊ में एक परचून की दुकान से परचून का सामान चोरी किया था तथा मोबाइल फोन टच स्क्रीन पोको करीब 05 दिन पहले जी0के0ग्रान्ट इस्माइलपुर सीतापुर से चलते राहगीर से छीना था तथा एक मोटर साइकिल स्पेलेन्डर मैने लगभग एक सप्ताह पहले कैन्ट रेलवे स्टेशन सीतापुर से चोरी की गयी थी। परचून की दुकान में चोरी के संबंध में थाना रामकोट पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में आवश्यक BNS की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

### पूर्व विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के द्वारा चल रहा जीवन जनहित में समर्पित कार्यक्रम 14 दिसंबर रविवार को सदस्य प्रदेश परिषद पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने मटियारी भवन जूठीपुर पर जन समस्याओं को सुना। मटियारी जी का कहना है कि जनता की हर समस्या का समाधान ही है मेरी प्राथमिकता है। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी जनसुनवाई की एवं जनता जनार्दन की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याएं सुलझाने के दिए निर्देश। पिछली बार आए मामलों का शत–प्रतिशत निस्तारण किया गया। गौरीगंज की जनता मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरीगंज की जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

### ईंट से कूचकर युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हारीमऊ शमशान घाट के पास रविवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सुबह लगभग सात बजे शव दिखते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है मृतक की पहचान मुख्खन सिंह उर्फ मनोज उम्र 40 वर्ष निवासी गूगेंमऊ के रूप में हुई है जो वहीं निर्माणाधीन श्मशान घाट में मेट का काम करता था। मृतक के सिर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं जिससे प्रतीत होता है कि युवक का सिर ईंट से कूंचा गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है, प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर धीरेन्द्र यादव ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## न्याय दंगाइयो के पक्ष में खड़ा है, न्यायपालिका कार्यपालिका का अंग बन गई : रणधीर सिंह सुमन




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में न्याय, दगाईयों के पक्ष में खड़ा है और पीडित पक्ष को फाँसी हो रही है। न्याय कार्यपालिका का अंग हो गया है जबकि संविधान की अवधारणा है कि न्यायपालिका एक स्वतन्त्र है न्याय संविधान के अनुसार न होकर मनुस्मृति के अनुसार हो रहा है। उक्त विचार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन में जिला कौंसिल बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा। पार्टी के जिला सचिव बृज मोहन वर्मा में कहा कि पार्टी का शताब्दी समारोह 26 दिसम्बर को उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। जिसमे इतिहास की महत्व–पूर्ण परिघटनाओं को भी प्रदर्शित किया जायेगा। राज्य परिषद सदस्य प्रवीनकुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास अब कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जाति के आधार पर जातिवादको बनवा देने के लिए मंत्रियो को इस्तीफा करवाकर प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। बैठक को शिवदर्शन वर्मा, मुनेश्वर प्रसाद रामनरेश वर्मा, आदि ने सम्बोधित किया। जिला कौंसिल का संचालन किसान सभा के अध्यक्ष विनय कुमार सिहं में किया। बैठक में मो. कदीर, प्रेम चंद वर्मा, संदीप तिवारी, महेन्द्र यादव, विवेक वर्मा दीपक शर्मा आदि प्रमुख नेता मौजूद थे।

## सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव ने रविवार को सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसरांय, सैदनपुर एवं मेलारायगंज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर से हुई, जहां मुख्यमंत्री आरोग्य मेला चल रहा था। सीएमओ ने मेले का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही दवाइयों व उपचार की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. संजय गुप्ता, एएनएम सरला, आशा बहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं। सीएमओ ने स्वास्थ्य टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मेलारायगंज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंच कर स्टेट टीम के साथ स्थित की जानकारी ली। वहां उन्होंने सीएचसो आसमा बानो से केंद्र के संचालन संबंधी जानकारी लेते हुए उपस्थिति रजिस्टर और दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया और केंद्र को प्रतिदिन खोलने का निर्देश दिया। अंतिम पड़ाव में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसराय का भी निरीक्षण किया। यहां भी मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित था, जिसमें मरीजों को दवाइयां दी जा रही थीं और उनकी जांच की जा रही थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विटामिन युक्त हरी सब्जियों और विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले पोषाहार का स्टॉल लगाया गया था, जिसका सीएमओ ने निरीक्षण किया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह, डॉ देवप्रताप सिंह, बीपीएम शैलेश कुमार, अभय सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

**आखिरकार जागा एनएचआई**

## रेलवे ओवर ब्रिज पर हादसों को रोकने के लिए लगाई गई येलो स्ट्रिप



**एजेंसी, बछरावां रायबरेली।** लखनऊ–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे में बना रेलवे ओवरब्रिज कई वर्षों से मौत का कुआं साबित हो रहा है। अब तक इस ओवर ब्रिज से गिरकर लगभग दो दर्जन लोगों की जानें जा चुकी हैं और सैकड़ो लोग घायल हो चुके हैं। ब्लैक स्पॉट घोषित होने के बाद एन एच आई की नींद टूटी और अब हादसों के रोकथाम के लिए ओवर ब्रिज पर येलो स्ट्रिप लगाई गई है। जिससे हादसे तो कम होंगे ही साथ ही चालक भी तेज झटकों के साथ अपने वाहन की स्थिति को संभाल पाएगा। लखनऊ से प्रयागराज जाने वाले इस मार्ग पर बछरावां कस्बे के निकट रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण लगभग डेढ़ दशक पूर्व हुआ था। इस पुल की डिजाइनिंग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने निर्माण के समय ही सवाल खड़े किए थे, परंतु उस वक्त लोगों की बातों को नजरअंदाज किया गया। इस येलो स्ट्रिप के लगने से अब दुर्घटनाओं के कम होने के आसार हैं।

## ग्राम न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन




**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोक अदालत आपसी समझौते और सुलह से निपटाने का एक अनौपचारिक विकल्प है।जिससे छोटे मामलों में न्यायालय का बोझ कम होकर नागरिकों को त्वरित सुलभ और सस्ता न्याय दिलाता है और लंबी न्याय प्रक्रिया से बचा जा सकता है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम न्यायालय सलोन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमें कुछ मामलों को जुर्माने के आधार पर सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। ग्राम न्यायालय सलोन के न्यायधिकारी अंकित सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमें धारा 292 बीएनएस के 40 और 355 बीएनएस के 10 मामलों को अर्थ दंड के आधार पर सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। जिसमें न्यायालय के पेशकार दीपक श्रीवास्तव, बाबू अरविंद कुमार और कन्हैया कुमार का विशेष सहयोग रहा। उक्त लोक अदालत में काफी संख्या में वादकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।जिनमें से प्रमुख रूप से अधिवक्ता उपेंद्र सिंह,पंकज कुमार,विजय कुमार, आशीष ओझा, दिव्यांश त्रिपाठी, जकी अख्तर नकवी समेत अन्य मौजूद रहे।

## मंदिर से अष्टधातु की कीमती मूर्तियां चोरी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



▸ चोरी की गई मूर्तियों की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है

▸ लगभग 200 वर्ष पुरानी है चोरी की गई अष्टधातु की मूर्तियां

डलमऊ पुलिस की लचर कार्य शैली और घटनाओं के प्रति उदासीनताका खामीयाजा कस्बा वासियो के साथ कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है इन दोनों चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है बीते कुछ दिनों में चोरों द्वारा की गई घटनाओं में मुराई बाग पुलिस चौकी से चंद्र कदम की दूरी पर स्थित एक कपड़े की दुकान से चोर ने कपड़े चुराए थे दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के करकसा गांव की है जहां दिन दहाड़े चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए की नगदी एवं सामान चुरा ले गए वहीं तीसरी घटना बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के अमरहा गांव में घर का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात पार कर लिए इन घटनाओं का खुलासा पुलिस अभी कर भी ना पाई थी कि चोरों ने पुलिस को फिर चुनौती दे दी ताजा मामला रविवार की बीपी रात का है जहां कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बरारा गांव में लगभग 200 वर्ष पुराने राम जानकी मंदिर में रखी राम लक्ष्मण और सीता की करोड़ों रुपए कीमत की अष्टधातु की मूर्तियां मंदिर के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पार कर दिया अष्टधातु की मूर्तियों का वजन लगभग 35 किलोग्राम बताई जा रहा है सुबह मंदिर के सेवादार साफ सफाई करने पहुंचे तो इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने जांच पड़ताल कार्यवाही करने की बात अलापनने लगी मंदिर के सेवादार राजाराम बाजपेई ने डलमऊ पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पूर्वजों द्वारा गांव में लगभग 200 वर्ष पूर्व राम जानकी मंदिर की स्थापना की गई थी जिसमें राम लक्ष्मण और सीता की लगभग 30 से 35 किलोग्राम वजनी अष्टधातु की मूर्तियां स्थापित की गई थी रविवार को जब मंदिर की साफ सफाई के लिए गया तो मंदिर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और मंदिर के अंदर की मूर्तियां गायब थी ब्राह्मणों को जानकारी होने पर देखते ही देखते लोगों की भी एकत्रित होने पीड़ित ने घटना की सूचना डलमऊ पुलिस को दी सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने जांच पड़ताल कर चली गई मंदिर के सेवादार राजाराम वाजपेई ने बताया कि आज के समय में चोरी गई अष्टधातु की मूर्तियों की कीमत लगभग 10 से 15 करोड रुपए होगी मंदिर में चोरी की घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने जल्द से जल्द घटना के खुलासे की मांग की है।

## खूबसूरत इमारत, बदसूरत व्यवस्थाएं, जिम्मेदार बन रहे अनजान

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

▸ करोड़ों रुपए की लागत से बने बस स्टॉप पर गंदगी का अंबार



लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक हाईटेक कस्बा अर्थात अपनी राजनीति, शिक्षा, साहित्य एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों में परिपूर्ण बछरावां कस्बा, जहां लगभग दो वर्ष पूर्व उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे के अंदर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर बस स्टॉप परिसर का सौंदर्यीकरण कराया गया था और एक खूबसूरत इमारत बनकर तैयार हुई। जिसमें शौचालय, पानी की सुविधा, बैठने की सुविधा, विद्युत व्यवस्था, कैंटीन की सुविधा आदि मौजूद थी। परंतु एक सुंदर इमारत तो बन गई लेकिन बस स्टॉप की गंदगी जैसे पूर्व के वर्षों में रहती थी, उसी प्रकार मौजूद है। बात की जाए तो बस स्टॉप पर पुरुषों के लिए पांच मूत्रालय बनाए गए हैं, जो की बिल्कुल खुले में मौजूद है, और उनमें पूर्ण रूप से गंदगी एवं बदबू का खुमार देखा जा सकता है। साथ ही बात की जाए बस स्टॉप परिसर की तो उक्त परिसर में इंटरलॉकिंग में लगी सीमेंटेड इंटर भी अपनी जगह छोड़ती हुई नजर आ रही है और पानी निकलने के लिए बनाई गई अंडर ग्राउंड नाली पर लगी जालियाँ भी गायब हो गई है। जिससे यात्रियों के चोटिल होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। वही बस स्टॉप परिसर में दिव्यांग जनों के लिए बना रैंप भी कैंटीन संचालक के कब्जे में है। जबकि कैंटीन के लिए अलग से विभाग के द्वारा उक्त परिसर में व्यवस्था की गई है। बस स्टॉप की इन अव्यवस्थाओं के संबंध में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल करते हुए बताया है कि करोड़ों रुपए की लागत से बना यह बस स्टॉप जिसका शुभारंभ स्वयं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा किया गया और आए दिन जब भी वह इस राष्ट्रीय राजमार्ग से कहीं जाते हैं, तो बस स्टॉप का निरीक्षण भी करते हैं। परंतु बस स्टॉप पर मौजूद शौचालय व मूत्रालय में जिस प्रकार की गंदगी एवं बदबू का अंबार लगा है, उससे बस स्टॉप परिसर में कोई भी यात्री एक या दो मिनट से अधिक नहीं बैठ सकता है। साथ ही साथ उन्होंने प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से इस खूबसूरत इमारत की बदसूरत व्यवस्थाओं एवं मौजूद गंदगी व बदबू के खुमार को लेकर जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की बात कही है। अब यह देखने वाली बात होगी कि आखिरकार गंदगी एवं अवस्थाओं के हाकीम बने इस बस स्टॉप पर कब तक विभागीय अधिकारियों या जनप्रतिनिधियों की नजर पड़ती हुई नजर आती है और बस स्टॉप पर मौजूद अवस्थाएं सुंदर व्यवस्थाओं के रूप में जन्म लेती हुई नजर आएंगी।

## उमरा को जा रहे मुस्लिम दंपति को लोगों ने दी विदाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



तिलोई तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लोधवरिया ग्राम सभा में गंगा-जमुनी तहजीब की एक अनूठी और प्रेरणादायक झलक देखने को मिली है। यहां हिंदू समुदाय के लोगों ने मुस्लिम दंपति को सऊदी अरब में उमरा यात्रा पर रवाना होने से पहले श्रद्धा और सम्मान के साथ विदाई दी है। लोधवरिया गांव के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सचिन तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पूरे प्राण पांडे से उमरा के लिए जा रहे हिम्मत अली और उनकी पत्नी का स्वागत माल्यार्पण, व लड्डू खिलाकर और शुभकामनाएं देकर किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने न सिर्फ दंपति की सकुशल यात्रा की दुआ मांगी, बल्कि क्षेत्र में अमन, शांति और भाईचारे की भी कामना की। विदाई समारोह के दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता और परस्पर सम्मान का ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने क्षेत्र में सौहार्द का संदेश फैलाया। ग्रामीणों का कहना था कि यह पहल दोनों समुदायों के बीच तिलोई की धरती पर आज भी आपसी भाईचारा, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता की परंपरा मजबूती के साथ कायम है।

## शरद ने किया अधिवक्ताओं व पत्रकारों का सम्मान

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के विकास पुरुष शरद चौधरी ने अपने निवास अर्जुनगढ़ कदुनी में अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं सम्मानित नागरिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कदुनी क्षेत्र का विकास जनसहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि रेडिको खेतान कंपनी की स्थापना से क्षेत्र के सैकड़ों युवक-युवतियों को रोजगार मिला है तथा आगे भी विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं।

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजन मिश्रा ने शरद चौधरी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शरद चौधरी ने बिसवां बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर.एन. सिंह एवं लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार वर्मा, रामेंद्र शुक्ला, बृजेश गुप्ता, रसिक बिहारी गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला सहित समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल, उमंग राजवंशी, उत्साह राजवंशी, मुदित सिंघल, रोहित नाथ सिंह एवं कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया बिसवां नगर पालिका परिषद का गहन निरीक्षण



**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने रविवार को बिसवां नगर पालिका परिषद का लगभग दो घंटे तक गहन निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न पटलों की जांच की गई। निरीक्षण के समय नगर पालिका कार्यालय के नीचे फरियादियों की भारी भीड़ शिकायतें लेकर मौजूद रही।

जिलाधिकारी ने हनुमत रामेश्वर दयाल इंटर कॉलेज के बगल में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, जहां इंटरलॉकिंग के नीचे बजरी गायब पाई गई। इस पर डीएम ने संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए इंटरलॉकिंग को दोबारा मानक के अनुसार बनवाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम का काफिला मंसाराम मंदिर परिसर पहुंचा, जहां पड़ी पाइपलाइन को खुदवाकर मौके पर निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात आसरा कॉलोनी, अमरनगर के समीप बने नाले का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नगर की विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन खेल सुविधाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान ने डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी व जिम हॉल तथा 25 मीटर शूटिंग रेंज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि स्टेडियम परिसर में कबड्डी व जिम हॉल का निर्माण कार्य पैक्सफेड द्वारा तथा 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण लोक निर्माण विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। शूटिंग रेंज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।शूटिंग रेंज को खिलाड़ियों की आवश्यकताओं एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शूटिंग रेंज का निर्माण यहां के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## सौ शैया अस्पताल प्रशासन से निर्धारित मानदेय दिलाने की उठाई मांग

# कम मानदेय मिलने से सफाई कर्मियों में रोष

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



दिलू नगला गांव स्थित सौ शैया अस्पताल में बीएसएस कंपनी के माध्यम से सफाईकर्मी सहित कई अन्य कर्मचारी भी कार्यरत हैं, लेकिन इन कर्मचारियों को निर्धारित मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है। इस समस्या से कई कर्मचारियों नगरपालिका आए अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य को भी अवगत कराया था। कर्मचारियों ने रोष व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रशासन से निर्धारित मानदेय दिलाने की मांग की है।

सौ शैया अस्पताल का हाल बेहाल है। हालत यह है कि यहां बीएसएस कंपनी के माध्यम से सफाईकर्मी घनश्याम, मोहित, अमित, राहुल, श्यामबाबू, रामकिशन, राहुल, रमन, हृदेश, रजनीश, रानी, रूबी, पवन, माली आदेश आदि कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन इन कर्मचारियों को निर्धारित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। यह समस्या तब उजागर हुई, तब नगरपालिका कार्यालय पहुंचे अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य रमेशचंद्र कुंदे ने सफाईकर्मियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि सौ शैया अस्पताल में कार्यरत सफाईकर्मियों को प्रतिमाह केवल सात हजार रूपये खाते में भेजे जा रहे हैं, जबकि सफाईकर्मियों को प्रतिदिन 422 रूपये के हिसाब से माह में 12660 रूपये मिलने चाहिए थे, लेकिन उनकी समस्या पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस पर आयोग के सदस्य ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि वह कंपनी के ठेकेदार से बात कर सफाईकर्मियों को निर्धारित मानदेय दिलाएं, यदि दोबारा इस तरह शिकायत मिली, तो कड़ी कार्रवाई को लिखा जाएगा।

### कर्मचारियों को नहीं मालूम कितना कट रहा फंड

अस्पताल में कार्यरत सफाईकर्मियों से जब जानकारी ली गई, तो वहां किसी भी कर्मचारी को यह तक नहीं पता कि उनका माह में कितना और कौन-कौन से फंड काटे जा रहे हैं। यहां तक किसी भी सफाईकर्मी के पास न ही ठेकेदार का नंबर है और न ही कंपनी का।

### जान जोखिम में डालकर करना पड़ता काम

कम मानदेय मिलने की समस्या पर जब सफाईकर्मियों से जानकारी की गई, तो उन लोगों का कहना था कि वह लोग अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। प्रतिदिन ओपीडी, इमरजेंसी समेत पूरे अस्पताल में काम करते हैं। जबकि इमरजेंसी में सबसे ज्यादा संक्रमण रहता है, लेकिन इसके बाद भी वह लोग काम करने से पीछे नहीं हटते। यहां तक कि वार्डों से उन लोगों को संक्रमित सामग्री को भी सावधानीपूर्वक हटाना पड़ता है। इसके बाद भी उन लोगों को कंपनी द्वारा कम मानदेय दिया जा रहा है।

# पंकज चौधरी बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, कन्नौज में जश्न

▸ व्यापारियों व भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते लोग

भाजपा के कद्दावर नेता व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कन्नौज में व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रेलवे रोड स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर व्यापारियों व कार्यकर्ताओं ने एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उनके राजनीतिक अनुभव और वित्त मंत्रालय से जुड़े कार्यों का लाभ प्रदेश के व्यापारियों को भी मिलेगा। उन्होंने इत्र नगरी कन्नौज की ओर से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी की गई और कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी साझा की। 'मोदी जिंदाबाद', 'योगी जिंदाबाद' और 'पंकज चौधरी जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस मौके पर गोपाल चतुर्वेदी, सुभाष पाल, आलोक पाल, प्रशांत अवस्थी मनी, सानिध्य शुक्ला, श्यामजी मिश्रा, अधिवक्ता किशोर कुमार दोहरे सहित आदि लोग रहे।

## खबरें एक नजर में

### याद किए गए बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** लोकप्रिय अभिनेता धर्मेंद्र के कुछ दिनों पूर्व हुए निधन पर बॉलीवुड सहित पूरे देश में शोक और संवेदना का वातावरण बना हुआ है। नगर के बनवारी नगर स्थित एसबीडीएस सभागार में हो रहे साहित्यिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम में हीमैन नाम से प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को याद किया गया। उपस्थित कलाकारों ने धर्मेंद्र पर फिल्माए गए गानों को गुनगुनाकर उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि देकर याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत हर्षदीप और संजीव चौहान ने फिल्म धर्मवीर के लोकप्रिय गीत छोड़े से न छूटेगी धर्म वीर की जोड़ी से की। इसके बाद दिलीप श्रीवास्तव ने ये दिल तुम बिन लगता नहीं, हम क्या करें गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भावुक बना दिया। गुलशन कुमार ने रात कली एक ख्वाब में आई गाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। रमई दुबे ने आप की नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, वहीं संजीव दुबे ने आज मौसम बड़ा बेईमान है, आने वाला कोई तूफान है गीत गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुशांत श्री ने जट अमला पगला दीवाना, इत्ती सी बात न माना और अरुणेश चतुर्वेदी ने ओ मेरी महबूबा, तुझे जाना है तो जा गीत के माध्यम से धर्मेंद्र की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। आयोजक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा धर्मेंद्र केवल एक अभिनेता नहीं थे, वे भावनाओं के कलाकार थे। उनके अभिनय में सादगी, दमदार संवाद और आम आदमी की झलक दिखाई देती थी। उन्होंने अपने अभिनय से पीढ़ियों को प्रभावित किया और सिनेमा को नई ऊंचाइयों दी। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके संवाद (डायलॉग) और किरदार हमेशा अमर रहेंगे।

### पोस्ट ऑफिस की एजेंट पर आरडी किश्तों की ठगी का आरोप

▸ पीड़ित चार लोगों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पोस्ट ऑफिस की ग्राम सराय सुंदर निवासी एक महिला एजेंट पर गंभीर ठगी का आरोप लगा है। उनके खिलाफ चार लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी रवि शर्मा (पुत्र राजेंद्र शर्मा) और शिवम शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा दोनों की आरडी 2 हजार रुपए प्रति माह थी। इसी तरह दीपकपुर रोड निवासी सुमित गुप्ता पुत्र ताराचंद की आरडी 4 हजार रुपए मासिक और मोहल्ला इंद्रानगर नगर निवासी रीना देवी पत्नी सुनील कुमार की आरडी 20 हजार रुपए मासिक थी। ये सभी आरडी खाते 5 वर्ष की अवधि वाले थे। पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने एजेंट को लगभग 40-40 किश्तें नियमित जमा कीं, लेकिन जब पोस्ट ऑफिस में जांच की तो पता चला कि केवल शुरुआती एक किश्त ही जमा हुई है। बाकी पैसे महिला एजेंट लेती रही, लेकिन खातों में जमा नहीं किए और अपना निजी खर्च किया। जब पीड़ितों ने रुपये वापस मांगे तो एजेंट ने टालमटोल किया और आगे की किश्तें जमा करने का बहाना बनाया। इस ठगी से प्रत्येक पीड़ित को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ितों ने पुलिस से एजेंट के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई और अपना पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### आंगनबाड़ी सहायिका हुई बेहोश चिकित्सकों ने किया मृत घोषित



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को ड्यूटी पर तैनात आंगनबाड़ी सहायिका को अचानक सीने में दर्द हुआ और बेहोश हो गई। आनन फानन में परिजन सहायिका को मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहसील के ग्राम जीपुरा निवासी शकुंतला देवी (48) वर्ष 2001 से गांव में ही आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर तैनात थीं। शनिवार को वह आंगनबाड़ी केंद्र पर ड्यूटी पर थीं। तभी दोपहर करीब 12 बजे उन्हें अचानक सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गई। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे और उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व आंगनबाड़ी सहायिका के पति कृष्ण कुमार वर्मा की भी मृत्यु हो चुकी है। शकुंतला देवी की मृत्यु की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। उनकी एक बेटी पिंकी देवी की शादी हो चुकी है। बेटा प्रदीप वर्मा (25) भी माता पिता का साया छिन जाने से सदमे में है।

# सर्दी से बचाने के लिए गायों को उढ़ाई झूल, खिलाए फल

▸ ठंड से गौवंशों को बचाने की गौ सेवक रंजीत पांडेय की पहल

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



ग्राम भगवंतपुर की गौशाला में अंतरर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौरक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक एवं गौसेवक रंजीत पांडेय अपनी टीम के साथ गौशाला पहुंचे। उन्होंने सर्दी से गौमाता की सक्षा के लिए कई झूल उढ़ाई, माला पहनाकर केले खिलाए तथा गौशाला के केयरटेकरों की प्रशंसा की।

केयरटेकरों को भी माल्यार्पण कर उन्होंने कहा कि इनके अथक प्रयासों से ही गौशाला में गायों की स्थिति उत्तम बनी हुई है। इसके लिए यह सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर गल्ला व्यापारी पप्पू चौहान ने 25 झूल तथा आढ़ती गौतम बाबू दुबे ने 10 झूल व दो बोरा धान गौमाता के चारे के लिए दान स्वरूप प्रदान किया।

इस मौके पर जिला संयोजक अंशू सक्सेना, कृष्णा पांडेय, शानू राठौर, जय पंडित, वासू सक्सेना, अरुण, जोनसन, संदेश, पुरुषोत्तम बाथम, सतीश तिवारी, श्यामू दीक्षित, प्रधान प्रतिनिधि दिलीप कश्यप सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। उधर बैंक ऑफ़ इंडिया के पास वाली गली में बीमार अवस्था में पड़ी गौ माता की सूचना पाते ही गौ सेवक रंजीत पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे।

उनकी सूचना पर पशुपालन विभाग के डॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर गाय का इलाज किया और नगपालिका की सीवर कुआँ स्थित गौशाला के केयरटेकार गौ माता को देखभाल के लिए गौशाला ले गये।

# डीएम ने किया कान्हा गौशाला सिकंदरपुर का निरीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आदर्श नगर पंचायत सिकन्दरपुर में कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान 340 गौवंश संरक्षित पाए गये तथा 5 केयरटेकर उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में नंदी और गौवंश एक साथ पाए गये जिस पर जिलाधिकारी ने नराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि नंदी को अलग शेड में रखा जाए। उन्होनें कहा कि जो गौवंश बीमार है, उनको भी अलग शेड में रख कर उनका उपचार किया जाए। चेयरमैन नगर पंचायत हरिहर सिंह ने बताया कि गौवंश के लिए हरा चारा 12 बीघा में उगाया जाता है एवं भूसे व चारें का भंडारणअलग से किया जाता है। जिलाधिकरी ने कहा कि गौशाला काफी अच्छी है और वृहद है। यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के साथ ही गौशाला में हरे चारे, पेयजल, टीन शेड आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डा अनिल भास्कर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्रार ने सुशील कुमार पांडेय को माना वैधानिक राष्ट्रीय अध्यक्ष



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर चल रहा लंबे समय का विवाद समाप्त हो गया है। रजिस्ट्रार कार्यालय पटना द्वारा जारी पत्र में सुशील कुमार पांडेय को निर्विवाद रूप से संघ का वैधानिक राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्यता दे दी गई है। इसके बाद जनपद के शिक्षकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। बताया गया कि राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर संगठन को लेकर चल रही उठा- पटक के बीच रजिस्ट्रार की ओर से वैधानिकता का पत्र जारी होने से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। रजिस्ट्रार ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सुशील कुमार पांडेय की वैधानिकता को स्वीकार किया है। संघ के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने बताया कि रजिस्ट्रार कार्यालय पटना से जारी पत्र के माध्यम से सुशील कुमार पांडेय को संघ का वैधानिक राष्ट्रीय अध्यक्ष माना गया है। जिला मंत्री बृजपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि पटना स्थित चिट फंड सोसायटी कार्यालय से मान्यता मिलने के बाद यह पूरी तरह सिद्ध हो गया है कि सुशील कुमार पांडेय ही संघ के वास्तविक राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। महिला उपाध्यक्ष कल्पना पाल ने बताया कि अध्यक्ष पद को लेकर चला आ रहा विवाद अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। जिला मीडिया प्रभारी अबधनारायण ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब भ्रम की स्थिति खत्म हो गई है और संघ टीईटी, पुरानी पेंशन समेत शिक्षकों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर निर्णायक लड़ाई लड़ने में सक्षम होगा।

### युवक ने युवती को देख गाया अश्लील गाना, मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बाड़े में खड़ी युवती को देखकर युवक ने अश्लील इशारे करते हुए अश्लील गाना गाया। युवती के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह सुबह करीब 11 बजे अपने घर के बाहर बाड़े में खड़ी थी। इसी दौरान गांव का युवक विनीत कुमार आया और उसे देखकर शर्ट के बटन खोलकर इशारा करते हुए अश्लील गाना गाने लगा। युवक की हरकतों के चलते उसे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा और उसे घर पहुंचकर पिता को जानकारी दी। जिसके बाद पिता के साथ युवती ने कोतवाली में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# यूरिया खाद की किल्लत पर छाया संकट, अधिकारियों को चेतावनी

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक के आवास पर आयोजित किसान पंचायत में यूरिया खाद की भारी कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। किसानों ने शिकायत की कि खाद की किल्लत के कारण उनकी फसलें खतरे में हैं और समय पर खाद नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक ने कृषि अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि हर हाल में किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए, अन्यथा संगठन धरना, प्रदर्शन और अनशन जैसे आंदोलन करने को मजबूर होगा। राष्ट्रीय महामंत्री बबलू मिश्रा के संचालन में हुई इस पंचायत में संगठन का विस्तार करते हुए एटा से रणजीत सिंह को जिलाध्यक्ष, अभय प्रताप को जिला महासचिव, सुरजीत कुमार को जिला सचिव, आकाश को जिला प्रभारी, अमित कुमार को जिला उपाध्यक्ष (कन्नौज), पवन कुमार को जिलाध्यक्ष (सीतापुर), दिलीप कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष, हरेंद्र सिंह को जिला सचिव (गौतम बुद्ध नगर) तथा अनिल कुमार को जिला महासचिव (बुलंदशहर) नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को 15 दिनों के अंदर कमेटियां गठित करने के निर्देश दिए गए।

बबलू मिश्रा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) देश का एकमात्र ऐसा किसान संगठन है जो पदाधिकारियों से सदस्यता शुल्क नहीं लेता और किसानों की समस्याओं का निरंतर समाधान करने के लिए अधिकारियों से संवाद स्थापित करता है।

# एसआईआर में तकनीकी मानकों का किया जाए पालन



▸ जिलाधिकारी ने किया गहन निरीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर पंचायत कार्यालय सिकन्दरपुर व विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भाग संख्या-259, 261, 256, 258 के बीएलओ द्वारा अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृतक/डुप्लीकेट (एएसडी) के तौर पर चिन्हित किए गए मतदाताओं की सूची की समीक्षा की। उन्होनें निर्देश दिए यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि को सावधानी पूर्वक दर्ज किया जाए तथा मैपिंग कार्य में तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई तथा आम-जनमानस को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होनें निर्देश दिए कि समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से कार्य करे तथा आम-जनमानस की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। इस दौरान नायब तहसीलदार हिमाशु प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# बच्चों को दिव्यांगता से बचाने के लिये पोलियो की दवा जरूर पिलवायें

▸ जिला महिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ, डीएम ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



महिला अस्पताल में नवजात को पोलियो दवा पिलाते डीएम राजेश पांडेय

रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में स्थापित पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने नवजात शिशुओं को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को दिव्यांगता से बचाने के लिए पोलियो की दवा अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो रोग के प्रति 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए दवा पिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पोलियो टीमों के आने पर पूर्ण सहयोग करते हुए अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से दवा पिलवाएं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय-अंतराल पर पल्स पोलियो अभियान, विटामिन-ए कार्यक्रम, मीजिल्स-रूबैला उन्मूलन सहित अन्य टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने जानकारी दी कि जनपद में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत कुल 1188 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर आज 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2,19,356 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे बूथ पर दवा पीने से छूट जाएंगे, उन्हें 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2025 तक 590 टीमों द्वारा 3,31,802 घरों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। घर-घर भ्रमण करने वाली टीमों के पर्यवेक्षण हेतु 190 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त 22 दिसम्बर को घर-घर भ्रमण के उपरांत गांवों के बाहर अथवा बीमार होने के कारण दवा से वंचित रह गए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी।

यात्रा करने वाले बच्चों को कवर करने के लिए 41 ट्रांजिट टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान की प्रतिदिन सायं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी तथा पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद प्रकाश वर्मा, जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद उपाध्याय, जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. एस.के. पाल, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनेश कुमार, अपर शोध अधिकारी आर.पी. विश्वकर्मा, अंकिता त्रिपाठी सहित जिला महिला चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# 117 बूथों पर 13,916 बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की दवा



पोलियो की दवा पिलाते एसडीएम हेमंत पटेल

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

रविवार को आयोजित पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान के तहत नगर में 31 व ग्रामीण क्षेत्र में 86 बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इन बूथों पर नगर क्षेत्र में 8744 बच्चों में 5172 बच्चों को दवा पिलाई गई।

रविवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता व डॉ. सहन बिहारी गुप्ता के दिशा निर्देशन में बच्चों को दवा पिलाई गई। एसडीएम हेमंत पटेल ने दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत नगर के शून्य से पांच वर्ष तक के 8744 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 31 बूथ बनाये गए थे और यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए चार ट्रांजेट बूथ बनाए गए थे। देवनगर चौराहा, कोंच चौराहा व सहाव मोड़ पर ट्रांजेट बूथ के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई गई। पहले दिन नगर में 60 फीसदी बच्चों को दवा पिलाई जा सकी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के 14930 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके लिए 86 बूथ बनाए गए। ग्रामीण क्षेत्र में दवा पीने वाले बच्चों का प्रतिशत 45 रहा। सोमवार से पांच दिनों तक नगर में दो सेंटरों के माध्यम से 21 टीमें एवं गांव में चार सेंटरों के माध्यम से 44 टीमें घर घर जाकर दवा पिलाएंगी।

# पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जश्न

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



पंकज चौधरी के पार्टी प्रदेशाध्यक्ष बनने पर मिष्ठान खिलाते कार्यकर्ता

लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ता नये प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने की प्रतीक्षा करते चले आ रहे थे। जैसे ही पंकज चौधरी ने पार्टी फोरम पर प्रदेशाध्यक्ष के लिये अपना नामांकन पत्र दाखिल किया वैसे ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो गया था। रविवार को जैसे ही उनको पार्टी की ओर से अधिकृत रूप से प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा हुई वैसे ही भाजपा के जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान बांटकर खुशी का इजहार किया।

इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता पार्टी के जिला कार्यालय में पहुंचे जहां पर उन्होंने जिला कार्यालय पर पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से सुना एवं कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर व आतिशबाजी कर खुशियां जाहिर की कार्यकताओं में खुशी का माहौल दिखा सभी ने बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं दी।

जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त करेगा आपके नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा का संगठन असीम ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा निश्चय ही 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा प्रचंड विजय प्राप्त करेगी मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी रेखा वर्मा, देवेंद्र यादव, मनोज पालीवाल, रामानुग्रह राजावत, वीरेंद्र निरंजन पुष्पेंद्र सेंगर, नीरज दुबे, शक्ति गहोई, मनोज यादव, हरिकिशोर गुप्ता, वीर प्रताप, दिवाकर शास्त्री, विपिन सेठ आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं को किया गया जागरूक

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रामपुरा थाना क्षेत्र के रामपुरा नगर में में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध व आपात स्थिति में सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र, उप निरीक्षक शिवश्याम पांडेय, कांस्टेबल आकाश जैन व कांस्टेबल विपिन कुमार के साथ महिला कांस्टेबल लता यादव, शोभा पाल उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना समाज की मजबूती के लिए आवश्यक है और इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# पति की हत्या में पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नी व उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली निवासी शिवमंगल कोरी उम्र 22 वर्षीय पुत्र सतीश चन्द्र का शव दिनाँक 10 दिसम्बर 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी पर लटका मिला था। घटना की जानकारी होने पर तम्बाकू की गोदाम में काम कर रहे मृतक के पिता सतीश चन्द कोरी मौके पर पहुंचे थे।

पिता ने अपनी बहू सजना और पड़ोस अनुज जाटव पुत्र हरिराम जाटव पर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतक शिवममंगल के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव करीब समय 4:30 बजे गाँव पहुँचा, लेकिन घटना से गुस्साये परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। मृतक के पिता सतीश ने कोतवाली में तहरीर देकर मांग की थी कि जब तक बहू संजना और पड़ोसी अनुज जाटव के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होता, तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर, उपनिरीक्षक अयुब, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार पहुँचे और मृतक के परिजनों से बातचीत कर मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार ढाईघाट पर कर दिया था। रविवार को तहरीर के आधार पर पुलिस ने संजना व उसके प्रेमी अनुज जाटव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में पत्नी व उसका प्रेमी

## खौलते पानी में गिरकर दो बच्चे झुलसे

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी शिल्पी उम्र 7 वर्षीय पुत्री दिनेश कुमार अपने 6 वर्षोय भतीजे इवांश को गोद मे लेकर छत के जीने से उतर रही थी। जीने से उतरते समय शिल्पी का पैर फिसल गया और वह अपने भतीजे इवांश सहित गर्म खौलते पानी पर गिरकर गंभीर झुलस गए।

आनन्द-फानन्द में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डियुटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 विपिन कुमार ने शिल्पी व इवांश को प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अखबार में प्रकाशित खबर के बाद चेती नगर पंचायत...

# अलाव के लिए नगर में डलवायी गयीं लकड़ियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज नगर पंचायत ने बढ़ती ठंड के मद्देनजर नगर के विभिन्न सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की है। यह कदम प्रकाशित खबर का संज्ञान लेने के बाद उठाया गया।

अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने खबर का संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों को तत्काल निर्देश दिए। इसके परिणामस्वरूप शनिवार शाम को नगर में लगभग 15 स्थानों पर अलाव जलाए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और असहाय लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करना है। दिसंबर महीने की शुरुआत से ही क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट और घने कोहरे के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिससे लोगों को घरों से बाहर निकलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत ने इन चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त लकड़ियां उपलब्ध कराकर अलाव की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की। स्थानीय लोगों ने अलाव तापकर ठंड से काफी राहत महसूस की। जिससे यह पहल सफल रही। सबसे ज्यादा राहत रिक्शाचालकों ने महसूस की, जो सर्द रातों में भी कोई ठौर न होने से अलाव आदि के सहारे ही अपनी गुजर बसर करते हैं।



नगर में डाली जा रही लकड़ियां

# बालक की हत्या कर शव आलू के खेत में फेंका

- पांच दिन पूर्व घर से हुआ था लापता, पुलिस जांच में जुटी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते पांच दिन पूर्व लापता हुए बालक का शव रविवार को आलू के खेत में पड़ा मिला। उसकी हत्या कर शव आलू के खेत में फेंका गया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम कोरीखेड़ा निवासी चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने अपने पुत्र 09 वर्षीय आशुतोष गुप्ता उर्फ अंशू की गुमशुदगी की तहरीर थाना जहानगंज में दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की थी। परिजनों के अनुसार बीते बुधवार 10 दिसम्बर को शाम लगभग 5:30 बजे आशुतोष घर से बिना बताए बाहर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। देर शाम तक उसकी कोई खबर न मिलने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए और ग्रामीणों के साथ मिलकर खेतों, रास्तों, नजदीकी गांवों और संभावित स्थानों पर खोज की, लेकिन बालक का कोई पता नहीं चल सका। बीते दिन सीसीटीवी भी पुलिस नें खंगाले और कन्नौज की डॉग स्क्वाड से भी कोई सुराग नहीं लगा था। रविवार को थाना जहानगंज के ग्राम कोरीखेड़ा निवासी रामस्वार्थ के खेत में गांव के कोटेदार पवन राजपूत पानी लगाने गये, तो देखा कि खेत में एक बालक का कोट पड़ा है। जिस पर पवन ने लापता बालक आशुतोष के चाचा आदेश को सूचना दी। सूचना पर लापता आशुतोष के परिजन पहुंचे और कोट की पहचान आशुतोष के कोट के रूप में की। जिसके बाद मौके पर भीड़ लग गयी। खोजबीन में आशुतोष का शव भरतापुर झंसी मार्ग पर रंजीत शाक्य के आलू के खेत में पड़ा मिला। मृतक की माँ पूनम का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक एक बहन व तीन भाईयों में तीसरे नम्बर का था। मृतक की हत्या कर शव फेंका गया। थाना प्रभारी राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर आ गये। कुछ ही देर में फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



मृतक बालक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

## पुलिस ने गुम हुए बालक को एक घंटे में किया बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने गुम हुए बालक को एक घंटे में बरामद उसके माता पिता के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को फतेहगढ़ स्टेशन निवासी पंकज भारद्वाज का पुत्र अनमोल भारद्वाज पिता के डांटने पर घर से गुस्सा होकर निकल गया और फतेहगढ़ कचहरी तिराहे पर जा पहुंचा। पिता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस तुरंत सक्रिय हो गयी और तत्परता दिखाते हुए बालक को कचहरी तिराहे से बरामद कर लिया। नाम, पता पूछने पर बालक ने अपना नाम अनमोल भारद्वाज तथा पिता का नाम पंकज भारद्वाज बताया। उसने पुलिस को बताया कि उसने घर में रखी माला तोड़ दी थी। जिस पर पिता ने उसे डांट दिया। इसी बात पर वह गुस्सा होकर घर से निकल आया था। फिलहाल पुलिस ने बालक को उसके माता पिता के सुपुर्द कर दिया।

# कोहरे में ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, युवक की मौत

- परिजनों में मचा कोहराम, मां का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र में रविवार की देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। कोहरे के कारण पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे ट्रॉली पलट गई और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसारए 14 दिसंबर 2025 की रात करीब 2:30 बजे नीरज कुमार 23 पुत्र रामशरण निवासी ग्राम अमैयापुर पश्चिमी थाना अमृतपुर अपने ट्रैक्टर स्वराज 744 से ट्रॉली में गन्ना लादकर रूपापुर चीनी मिल हरदोई जा रहा था। जैसे ही वह डबरी तिराहा पार कर शाहजहांपुर की ओर मुड़ा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक संख्या आरजे05जीबी6766 के चालक ने कोहरे के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली को नहीं देखा और तेज गति में पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि गन्ने से लदी ट्रॉली पलट गई और नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल नीरज को तत्काल एक प्राइवेट वाहन से लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना राजेपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रक और ट्रक चालक को थाने लाया गया है। तहरीर मिलने पर मामले में उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है। यातायात सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

मां तारावती का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिवार के अन्य सदस्य गहरे सदमे में हैं।



मृतक चालक का फाइल फोट



मौके पर पलटी पड़ी ट्राली व दुर्घटना करने वाला ट्रक

### खबरें एक नजर में

## सफाई के दौरान नाले में गिरी जेसीबी, चालक बाल-बाल बचा

- मकान को हुआ हजारों का नुकसान



नाले में पलटी जेसीबी मशीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका की नाला सफाई के दौरान शनिवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। मोहल्ला लाल दरवाजा में नाले की सफाई के लिए लाई गई जेसीबी मशीन अचानक नाले में जा गिरी। मशीन के गिरते ही नाले की दीवार ढह गई। जिससे पास स्थित एक मकान को नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक शनिवार रात नगर पालिका द्वारा नाले की सफाई कराई जा रही थी। इसी दौरान भारी भरकम जेसीबी मशीन नाले के किनारे काम कर रही थी। अचानक नाले की दीवार कमजोर पड़ गई और जेसीबी का संतुलन बिगड़ गया। मशीन के वजन और दबाव से दीवार भरभराकर गिर गई और जेसीबी सीधे नाले में समा गई। हादसे के दौरान नाले के पास स्थित एक स्थानीय निवासी के मकान की दीवार भी ढह गई। मकान मालिक को आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे के वक्त जेसीबी चला रहे चालक कन्हैया सुरक्षित बच गए। स्थानीय लोगों और अन्य कर्मचारियों ने उन्हें तुरंत बाहर निकाल लिया। हादसे के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## बच्चों के विवाद में दबंगों ने महिला का पीटा



महिला का डाक्टरी परीक्षण करते चिकित्सक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कहारनटोला पूरब निवासी सोनी कश्यप उम्र 35 वर्षीय पत्नी शीशराम कश्यप ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके छोटे पुत्र अरनव और गाँव के विशाल पुत्र प्रमोद से किसी बात को लेकर झगड़ा होने लगा। इसके बाद विशाल मेरे पुत्र को गाली-गलौज करने लगाष। सोनी विशाल का हाथ पकड़कर उसके घर पर शिकायत करने पहुँची। जहाँ प्रमोद ने अपने बेटे विशाल के साथ सोनी को जमीन पर गिराकर लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारापीटा। जिससे महिला घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सोनी को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाकर मेडीकल परीक्षण करवाया।

# रविवार को बीएलओ ने विद्यालयों में किया एसआईआर कार्य



विद्यालय में मौजूद प्रधानाध्यापक व शिक्षकगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में रविवार छुट्टी के दिन भी विद्यालय खोलने के निर्देश पर बीएलओ ने विद्यालय खोलकर एसआईआर का कार्य किया।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को कस्बा नवाबगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय खुले रहे और बूथ लेबिल अधिकारियों ने पहुंचकर एसआईआर कार्य को अंजाम दिया। इसी क्रम में प्रधानाध्यापक संजीव रंजन के द्वारा अपने समस्त स्टाफ सहित विद्यालय को खोला गया और निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्य को विधिवत कराया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर सहित समस्त स्टाफ तथा रसोईया स्टाफ मौजूद रहे। सभी निर्वाचन कर्मचारियों को प्रधानाध्यापक के निर्देशन पर चाय नाश्ते का भी रसोइयों के द्वारा इंतजाम कराया गया। प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत ने समस्त कर्मचारियों का उनके निर्वाचन कार्य में भी सहयोग किया।

# बेरोजगार युवाओं को जैविक खाद केंचुआ खाद बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**नवाबगज, समृांद्ध न्यूज।**

ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद तथा केंचुआ बनाने की बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग दी गई।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास खंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत सिलाह बसेली के ग्राम प्रधान सुनील कुमार यादव के द्वारा अपने ग्राम पंचायत के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए गांव में कैंप लगाकर वर्मी कंपोस्ट खाद तथा केंचुआ बनाने का प्रशिक्षण दिलाया गया। यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ़ इंडिया आरसेटी फतेहगढ़ से आए ट्रेनरों के द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराना है। इसके साथ ही डेयरी फार्मर का भी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ग्राम प्रधान सुनील कुमार यादव के द्वारा एमकेएकेएफ पीओ के माध्यम से जैविक खाद केंचुआ खाद का उत्पादन किया जा रहा है। प्रशिक्षण ट्रेनर राज नारायण के द्वारा दिया गया। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को जैविक खाद व केंचुआ खाद के महत्व के बारे में भी बताया। साथ ही कहा कि यह खाद दुनिया की सबसे पावरफुल खाद होती है। इससे फसल की पैदावार कैमिकल खाद की अपेक्षा काफी गुना अधिक होती है। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कम नहीं होती है। हमें इसी खाद का प्रयोग करना चाहिए। इस खाद से तैयार की गयी फसलों में पोषक तत्व भी नष्ट नहीं होते हैं और हम बीमारियों से भी दूर रहते हैं।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखे हुए बैंक ऑफ़ इंडिया फतेहगढ़ से आरसेटी ट्रेनर द्वारा छात्रों को ट्रेनिंग दी गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुनील कुमार यादव, ट्रेनर राज नारायण यादव तथा गांव के युवा व छात्र मौजूद रहे।



युवाओं को प्रशिक्षण देते ट्रेनर

# मंडी समिति सड़क का करा रही घटिया निर्माण, ग्रामीणों में रोष



विरोध दर्ज कराते ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

योगीराज में भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चहुंओर घटिया निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। ऐसा ही एक और सड़क का घटिया निर्माण कराने का मामला सामने आया है। फिलहाल ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक नवाबगंज क्षेत्र के अचरा मार्ग नगला धोबियान में एक सड़क का निर्माण मंडी समिति के द्वारा कराया जा रहा है। इसमें उपयोग होने वाली सामग्री अत्यंत घटिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि लात मारते ही सड़क की गिट्टी उखड़ रही है। वहीं डामर का भी न के बराबर प्रयोग किया जा रहा है। जब ग्रामीण विरोध करते हैं, तो ठेकेदार उन्हें धमकाने लगता है। वहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य में श्रमिकों की जगह नाबालिग बच्चों से कार्य कराया जा रहा है। फिलहाल घटिया निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में खासा रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उपरोक्त सड़क की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# जन आरोग्य मेले में 218 ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक दवाओं के साथ-साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा का भी विशेष कैम्प लगाया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को एक ही स्थान पर दोनों पद्धतियों से उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

बदलते मौसम के कारण खांसी, जुकाम, बुखार सहित अन्य मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य मेले में सुबह से ही मरीजों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा की देखरेख में आयोजित मेले में दोपहर तक कुल 218 मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मेले में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 सैफाली भदौरिया, फार्मासिस्ट अरविन्द, एएनएम मीना देवी, वार्ड बॉय राकेश, लैब टेक्नीशियन सोनाली पाल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी मरीजों की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयां दी गई तथा परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा ने बताया कि अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने लोगों से बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने, गर्म कपड़ों का उपयोग करने और साफसफाई का ध्यान रखने की अपील की। लैब टेक्नीशियन सोनाली पाल द्वारा मेले के दौरान विभिन्न जांचें की गईं। जिनमें मलेरिया के 20, टाइफाइड के 12, हेपेटाइटिस बी के 4, शुगर के 18, स्प्यूटम के 9, हीमोग्लोबिन के 5 तथा डेंगू के 6 मरीजों की जांच शामिल रही। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को तत्काल उपचार एवं परामर्श दिया गया। ग्रामीणों ने जन आरोग्य मेले के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।



मेले में दवायें लेते ग्रामीण

# कांग्रेसियों ने दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी की जनसभा में लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली के रामलीला मैदान में जननायक राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत एक विशाल जन का आयोजन किया। जनपद फर्रुखाबाद से जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जनसभा में भाग लिया।

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी के विचार सुने। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव/ जिला कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, एटा के कोआर्डिनेटर शिवाशीष तिवारी, खालिद उस्मानी, संजू अग्निहोत्री आदि कांग्रेस नेताओं ने जन सभा में भाग लिया।



कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस नेता

# भाविप सहयोग शाखा ने जरुरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वाधान में सर्दी से निजात पाने के लिए लोहिया गेट के सामने एक मेडिकल स्टोर पर पदाधिकारीयों व सदस्यों ने जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र, चाय बिस्कुट वितरित किये। सर्दी को देखते हुए आम जन मानस को राहत पहुंचाने के लिए भारत परिषद सहयोग शाखा के पदाधिकारियों ने गर्म कपड़े व चाय-बिस्कुट आदि वितरित कर व अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को राहत पहुंचायी। भाविप के पदाधिकारियों का उद्देश्य है कि आम जन मानस को राहत पहुंचे। जिससे जरुरतमंद लोग लाभांवित हो। जिसको देखते हुए सर्दी से निजात पाने के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अनीता पाठक, सुनीता पुरवार, रीता दुबे, आशा देवी वर्मा, मंजूश्री, डॉ0 सुरेश चंद्र गुप्ता, केके पाठक, विजय कुमार वर्मा, डॉ0 आरके गुप्ता, डॉ0 विनोद तिवारी, रामकुमार वर्मा, अमरनाथ मिश्रा, अजय शंकर तिवारी, संजय दुबे, संजय कटियार, अवधेश दुबे, आशीष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



वस्त्र वितरित करते भाविप पदाधिकारी

# सिनर्जी फेस्ट के तीसरे दिन म्यूजिकल चेयर के साथ खेले गए कई रोमांचक खेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहे हैं 19वें सिनर्जी फेस्ट के तृतीय दिवस पर क्रिकेट मैच का 5 पांचवा खेल स्वामी विवेकानंद हाउस और चंद्रशेखर आजाद हाउस के बीच खेला गया। जिसमें ऑरेंज टीम में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का निर्णय लिया। मैच में स्वामी विवेकानंद हाउस ने जीत हासिल की तथा मैन ऑफद मैच का खिताब सोनू गुप्ता को मिला।

छठवा क्रिकेट मैच एपीजे अब्दुल कलाम और भगत सिंह हाउस के बीच हुआ। जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम हाउस ने अपनी जीत हासिल की और इस मैच के मैन आफ द मैच रोहित सिंह रहे। वॉलीबॉल का तीसरा मैच सुभाष चंद्र हाउस ने एवं वॉलीबॉल का चौथा मैच स्वामी विवेकानंद हाउस ने जीता। म्यूजिकल चेयर में छात्राओं में 25 बैच की हर्षिता ने बाजी मारी। साथ ही रोशन पाल 25 बैच ने जीत हासिल की।

कैरम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आदित्य, प्रियांशु, आदर्श, उत्सव, अविनाश, कमलेश, क्षितिज, फाजिल, फैयाज आदि प्रतिभागी पहुंचे। छात्रों के बैडमिंटन टूर्नामेंट में मोहिनी विजेता रही। छात्रों के शतरंज खेल के सेमीफाइनल के प्रतिभागी अमित, कमल, इजर, रोशन पाल ने अपनी जगह बनायी।



जीत की खुशी का इजहार करते खिलाड़ी

# व्यापार मण्डल की बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों की दी गई जानकारियां

▶ व्यापारियों ने टीएसआई का किया स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


टीएसआई को सम्मानित करते व्यापारी

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल सेन्ट्रल जेल इकाई की बैठक संगठन मंत्री विपिन सिंह राजावत के प्रतिष्ठान महाकाल मंदिर के पास रखा रोड पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने की। व्यापारी बंधुओं की समस्यायें एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि के रुप में पधारे यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। यातायात प्रभारी सतेन्द्र सिंह ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेलमेट अनिवार्य पहनने के सुझाव दिये। जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि संगठन दिनों दिन व्यापारी हित में कार्य कर रहा है। व्यापारियों की हर समस्या का समाधान कराना मेरी प्राथमिकता है। जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा ने विचार व्यक्त किये।

जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता लाखन सिंह ने संगठन की मूजबूती पर बल दिया। इस मौके पर अनूप गुप्ता, संजीव वर्मा, अभिषेक बाजपेयी, मकसूर अंसारी, अभिषेक बाजपेयी, अवनीश कुमार, राजू राजपूत, बबलू यादव, शैलेन्द्र यादव, सर्वेश पाल, कैप्टन उदयपाल सिंह चौहान, योगेश गुप्ता, डा0 संजीव त्रिपाठी, देवेन्द्र सक्सेना, अमित मिश्रा, डा0 आशीष यादव, सत्यप्रकाश मिश्रा, अर्पित अग्निहोत्री, विपिन सिंह, अमित सिंह, आलोक कटियार, प्रवेन्द्र उपाध्याय, डा0 शैलेश राजपूत, शशांक कटियार, दुर्गेश राठौर, सुधीर कुमार, अनूप सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# हिन्दू सनातन सेना के शिवराम कश्यप बने प्रदेश अध्यक्ष


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हिन्दू सनातन सेना की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। शिवराम कश्यप को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। पक्का पुल स्थित कायस्थ सोशल सभा भवन में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों के साथ संगठन को मजबूत व विस्तार करने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज सिंह ने सभी से एकजुट होने का आवाह्न किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साधना त्रिवेदी ने महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने की अपील की। सर्वसम्मति से शिवराम कश्यप को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना, सुंदरलाल, धर्मेन्द्र वर्मा, कृष्णा शुक्ला, अंकित तिवारी, आकाश तिवारी, कांति कनौजिया, हर्ष बाजपेयी, रेनू कटियार, संगीता अग्रवाल, मंजू सक्सेना, अंजू सक्सेना, रघुनाथ बिहारी सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# दीप संस्था के सम्मान समारोह में गूंजे कविता के स्वर

▶ वार्षिकोत्सव में विभिन्न हस्तियों को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


डॉ. अरविन्द गुप्ता को सम्मानित करते निमिष टंडन व अन्य

सामाजिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था दीप का सप्तम वार्षिकोत्सव रविवार को जानकी भवन खत्री धर्मशाला में भव्य काव्य एवं सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता डॉ0 शिवओम अम्बर ने की तथा संचालन महेशपाल सिंह उपकारी ने किया।

कार्यक्रम में समाजसेवी सम्मान अनिल प्रताप सिंह को, शिक्षक सम्मान दीपिका राजपूत को, चिकित्सा सम्मान डॉ0 अरविंद गुप्ता को, स्व0 जगदीश नारायण टण्डन सम्मान महेशपाल सिंह उपकारी को व दीपशिखा सम्मान प्रीती पवन तिवारी को दिया गया।

साथ ही रामशंकर अवस्थी अबोध, नलिन श्रीवास्तव, उपकार मणि उपकार, स्मृति अग्निहोत्री, निमिष टंडन, डॉ0 गरिमा पाण्डेय, स्मृति अग्निहोत्री, वैभव सोमवंशी, विशाल श्रीवास्तव ने काव्यपाठ किया और संस्था को आशीर्वचन प्रदान करते हुए भविष्य में संस्थापक अध्यक्ष निमिष टण्डन को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कहा। मुख्य अतिथि डॉ0 राजकुमार सिंह ने संस्था के प्रति भूरि भूरि प्रशंसा कर आभार व्यक्त किया। डॉ0 शिवओम अम्बर ने कहा कि इस संस्था का भविष्य उज्जवल हो एवं साहित्यिक सेवा की ओर सदैव अग्रसर रहे तथा सामाजिक कार्यों की ओर प्रेरणादायक रहे। इस अवसर पर राजगौरव पाण्डेय, प्रमोद दीक्षित, अवधेश दुबे, रामबाबू मिश्र रत्नेश, जवाहर सिंह गंगवार, हरिभान सिंह गहरवार, अशोक मिश्रा, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, बबिता पाठक, कविता शुक्ला, रितु शुक्ला, पारस भारद्वाज, राममोहन शुक्ला, दिलीप कश्यप, विशाल श्रीवास्तव, भानु आदि उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष निमिष टंडन ने आभार व्यक्त किया।

# सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ, प्रतिभागियों ने लिया भाग

▶ सांसद व डीएम, एसपी ने खिलाड़ियों का परिचय किया प्राप्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


खिलाड़ियों के साथ मौजूद अतिथि व अन्य

सांसद खेल महोत्सव के अन्तर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में उद्घाटन सांसद मुकेश राजपूत ने किया। लोकसेवा के अन्तर्गत पांचों विधानसभाओं से जीतकर आये कबड्डी, कुश्ती के प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

विशिष्ठ अतिथि के रुप में ज्ञान डेयरी डायरेक्टर मिथलेश अग्रवाल, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव राजपूत ने की। जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने लोकसेवा कोआर्डिनेटर अमरदीप दीक्षित समन्वय के साथ कार्यक्रम सम्पन्न कराया। समस्त लोगों को सांसद व डीएम ने अपने मुखार बिंदु से विचार रखे। सांसद द्वारा कबड्डी खेल का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सिंह राठौर, डा0 मुकेश सिंह राठौर, अनिल सिंह, डीएस चौहान, सुनील रावत मौजूद रहे।

कबड्डी में सीनियर बालक मैच का उद्घाटन अलीगंज विधानसभा व भोजपुर विधानसभा की टीमों के परिचय के साथ हुआ। सब जूनियर बालिकाओं के मैच सम्पन्न हुए। विजेता टीम एकलव्य सलेमपुर, उपविजेता अमृतपुर वीरेन्द्र स्वरुप एवं सदर फर्रुखाबाद टीम रही।

निर्णायक मण्डल में जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, सुनील पाल, संजीव यादव, केशव गंगवार, विमलेश कुमार, सुभाष चन्द्र, सपना, अभिषेक पाल, आलोक यादव, अभिषेक शाक्य, विवेक कुमार, अरुण यादव, मनीष कुमार, आलोक यादव, रवि कुमार, अहमद मियां, विनीत कुमार, प्रदीप जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी कार्यक्रम में जनपद के नेताओं ने लिया भाग


कार्यक्रम स्थान पर मौजूद भाजपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के बनने पर लखनऊ पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। लोहिया विधि विश्व विद्यालय आशियाना लखनऊ में आयोजित संगठन पर्व कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद द्वारा निर्वाचित सदस्य जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा व अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार, खिमसेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, अभय कठेरिया, डा0 अभिषेक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने सहभागिता की। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने बताया कि सात बार के सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन को गति मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व संगठन के प्रभारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में 14 मरीज मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित


मरीजों का चेकअप करते चिकित्सक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवा धर्म समिति द्वारा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्रामीण बैंक वाले मार्केट शुक्रूल्लापुर में लगाया गया।

मुख्य अतिथि शिक्षिका भारती मिश्रा, हरिओम अवस्थी, डा0 जितेन्द्र, अनिल अवस्थी, राजीव सक्सेना, शिवम दीक्षित ने मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। हुए अतिथियों का समिति के पदाधिकारी ने मां गंगा का स्मृति चिन्ह एवं गंगाजल देकर सम्मानित किया। रामा अस्पताल कानपुर के आए चिकित्सक डॉ0 राम शर्मा, डॉ0 अंशुल प्रताप, गोल्डी पाल, शालिनी पाल, मनोज ने मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में 86 मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें से 14 मैरिज मोतियाबिंद की और 58 मैरिज अन्य बीमारियों के पाये गये। सभी की जांच कर दवाई दी गई। मोतियाबिंद के मरीज को ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया। जिसकी व्यवस्था समिति की ओर से की गई। चयनित 14 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन होगा। शिविर की व्यवस्था सचिव अविनाश सारस्वत, शैलजा सारस्वत, अंशुल अवस्थी, पंकज सारस्वत, डॉ0 आनंद शर्मा, श्रुती सारस्वत, विवेक मिश्रा, ऋतिक पाल, अभिजीत मिश्रा, प्रदीप सारस्वत आदि ने देखी।

# गदनपुर देवराजपुर मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी


मुख्य मार्ग पर भरा पानी

▶ भाजपा नेताओं का निवास होने के बाद भी नहीं मिल रही है निजात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कमालगज दरियागंज मार्ग से मेन सड़क गदनपुर देवराजपुर गांव गदनपुर आमिल को जोड़ने वाले मार्ग पर गंदा पानी भरा रहता है। सब्जी बाजार होने के कारण लोग गंदे पानी में घुसकर जाने को मजबूर है। गांव वासियों ने मांग की है कि मार्ग पर गंदे पानी से निजात दिलायी। पास में स्कूल है, बच्चे भी गंदे पानी से घुसकर जाते है। ऐसे में कोई अनहोनी हो सकती है। जबकि गदनपुर क्षेत्र में दो प्रधान, दिलीप कुमार यादव, रघुनन्दन पाल, सघ के नेता राजीव कुमार गुप्ता, श्याम बहादुर शर्मा और भाजपा के जिला मंत्री गुरुचरण आजाद भी इसी गांव में रहते है। फिर भी गदनपुर मार्ग की यह दुर्दशा है। शीघ्र निजात दिलाये जाने की ग्रामीणों ने मांग की।

# पुरुस्कार वितरण के साथ दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

▶ बार एसो. अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित ने बच्चों को किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बच्चों को सम्मानित करते प्रबंधक व अतिथि

मसेनी चौराहा स्थित अमेरिकन किडजी स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ वार्षिक उत्सव एवं दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दूसरे दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित ने पत्नी सहित पहुंचे। प्रबंधिका रेखा कटियार व संस्थापक विनीत कटियार ने मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के साथ सभी ने मंच पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभी ने गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत के बाद सभी ने तिरंगे को सलामी दी।

बच्चों ने रैबिट रेस, कप टॉवर, रेस जैसे खेलों में भाग लिया। बच्चों के अभिभावकों के द्वारा भी लेमन रेस, परेड जैसे खेल में भाग लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित ने कहा कि इन नन्हे मुन्ने बच्चों को आप द्वारा जो सिखाया जा रहा है वह बेहतर काम है, छोटे-छोटे बच्चों को देखकर आज अपना बचपन याद आ गया।

उन्होंने विद्यालय के संस्थापक विनीत कटियार की सराहना करते हुए कहा कि सबसे बड़ी जिम्मेदारी है इन नन्हे मुन्ने बच्चों को पढ़ना और उनकी देखरेख कर इनको शिक्षित करना है और उन्होंने विद्यालय की स्टाफकी भी प्रशंसा की। विद्यालय के संस्थापक व बार एसोसिएशन कोषाध्यक्ष विनीत कटियार ने कहा कि हर बच्चे की किसी न किसी खेल में रुचि होती है, बस उसको समझने की जरूरत है खेलने से बच्चे का स्वास्थ्य स्वस्थ रहता साथ ही शरीर में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। प्रबंधक रेखा कटियार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेलने भी जरूरी है, जिससे कि उनकी शरीर की ऊर्जा और मानसिक विकास होता है, इसीलिए हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के खेलने पर भी ध्यान दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो बच्चा खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेगा, उसको पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजई सभी नन्हे मुन्ने बच्चों को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित ने प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनकर उत्साह वर्धन किया। विद्यालय की शिक्षिका अपर्णा यादव, लता कुमारी, प्रतीक्षा कटियार, पूजा चौहान, नंदनी राठौर, सौम्या द्विवेदी, उजाला राठौर, वर्षा सैनी, तान्या परिहार ने खेलकूद की सभी व्यवस्थाएं देखी। इस अवसर पर मंच पर एडीजीसी अनुज प्रताप, अधिवक्ता मोनू कटियार, सुरजीत कटियार, नितिन यादव, सचिन कटियार मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब के सदस्यों ने गरीबों को वितरण किए कंबल


कंबल वितरित करते रोटरी क्लब के सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बढ़ती सर्दी को देखते हुए रोटरी क्लब फर्रुखाबाद द्वारा रविवार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद गरीब परिवारों को कंबल एवं वस्त्र वितरण किए गए।

इस सेवा कार्य का उद्देश्य ठंड के मौसम में असहाय एवं गरीब लोगों को राहत प्रदान करना है, ताकि वे सर्दी से सुरक्षित रह सकें। सभी सदस्यों ने ढाई सौ से तीन सौ लोगों को कंबल और गर्म वस्त्र और खाने पीने का सामान वितरित किया।

रोटरी क्लब के सदस्यों ने सामूहिक सहयोग से इस मानवीय पहल को सफल बनाया। क्लब के सदस्यों का मानना है कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और हर गरीब और असहाय व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी मदद की जा सकती है। इस अवसर पर रोटेरियन डॉ0 वी0के0 गुप्ता, दीपक खन्ना, मनोज कपूर, शरद रस्तोगी, संदीप अग्रवाल, डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव, लकी गुप्ता, प्रवीण माथुर, उदित अग्रवाल, रितु गुप्ता, मोनिका खन्ना, मोनी कपूर, नेहा रस्तोगी, रुचि अग्रवाल, नेहा श्रीवास्तव, सारिका चौधरी, दीपाली अग्रवाल, शिवानी चंद्रा उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

# स्वर्गधाम पर अवैध वसूली गैंग को किया जायेगा समाप्त : भईयन मिश्रा

▶ दाह संस्कार होने के बाद परिजनों को नि:शुल्क दी जायेगी रशीद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बैठक के दौरान मौजूद लोग

पांचाल घाट स्थित स्वर्गधाम पर बैठक सम्पन्न हुई। फर्रुखाबाद विकास मंच जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि हम सब लोगों का उद्देश्य स्वर्ग धाम पर हो रही है अवैध वसूली को जड़ से खत्म करना था, अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिजनों से विपत्ति के समय जो वसूली की जा रही थी, वह बहुत गलत थी और पूर्व में इस पर पूरी तरीके से रोक लगाई गई पर अभी भी सूचनाओं मिल रही थी की कफन खसोट गैंग लोगों को बरगलाकर एक अवैध रूप से बनाए गए कार्यालय पर बुलाकर प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर हजारों रुपए की वसूली कर रहे थे। जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से स्वर्गधाम सेवादल अवधार संस्कार प्रमाण पत्र निःशुल्क जारी करेगा। चेतावनी दी की जो शुल्क तय किया गया है उसके अलावा एक भी पैसा अवैध रूप से नहीं लिया जाएगा। बहुत जल्दी ही घाट पर लोगों के बैठने के लिए छाया की व्यवस्था एवं पानी पीने के लिए हैंडपंपों की व्यवस्था की जाएगी, पूरे घाट को भी साफ़ रखा जाएगा।

इस मौके पर सत्यपाल, रामदास गुप्ता, अनिल द्विवेदी, श्यामेंद्र दुबे, अनंतराम, कन्हैया दास, सौरभ पांडे, पंकज राठौर, विनय दीक्षित, सुनील शुक्ला, नीरज दुबे, कुलदीप दीक्षित, अजय मिश्रा, प्रेमचंद वर्मा, राजीव वर्मा, शांतनु शाक्य, लवी सक्सेना, कुलदीप कठेरिया, पवन बाल्मिक, आदित्य वाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न बूथों पर सपा व भाजपा नेताओं ने भरवाये एसआईआर फार्म


एसआईआर फार्म भरवाते सपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एसआईआर का कार्य जनपद में जोरों पर है। शहर के विभिन्न बूथों पर बीएलओ ने एसआईआर संबंधित फार्म भरे। आईटीआई पर सपा नेता नंदकिशोर दुबे ने बूथ पर जाकर क्षेत्रीय लोगों के बीएलओ के सहयोग से फार्म भरवाये। एसआईआर फार्म भरने के दौरान फार्म में कोई त्रुटि न हो, जिसके लिए वोटरलिस्ट चेक कर फार्म भरे गये। वहीं फतेहगढ़ में भाजपा मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर ने एमआईसी में बीएलओ के साथ एसआईआर फार्म भरे। छूटे हुए मतदाताओं को बुलाकर बूथ स्तर पर फार्म भरवाये गये।

# मांगों को लेकर पीएम को आज भेजेंगे ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन एवं सेवा निवृत्त शिक्षक, कर्मचारी समन्वय समिति के द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन 15 दिसम्बर को दिया जायेगा। यह जानकारी राजेश निराला ने दी है।


## कार्यालय ग्रा0पं0 बरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 14/12/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/12/2025 से 21/12/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/12/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | देवी मंदिर से संतोष के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण कार्य | 305258 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान- शिवराज सिंह ग्रा0पं0 बरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव- विवेक कुमार

## कार्यालय ग्रा0पं0 जनैया सठैया वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 14/12/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जनैया सठैया विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 15/12/2025 से 21/12/2025 तक की अपरान्ह 4-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/12/2025 को सायं 5:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/12/2025 से 21/12/2025 तक अपरान्ह 4-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गौशाला में बोरिंग व समरसेबिल अधिष्ठापन कार्य | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी. आर व एन.एस.सी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत) ग्र0पं0 जनैया सठैया, वि0ख0 बढ़पुर, सचिव-(ओम शिव पाण्डेय)

